www.bharatsamvad.live

R.N.I.No- MAHHIN/2017/74173




सत्य का स्वर

# भारत संवाद

मुंबई, प्रयागराज और लखनऊ से प्रकाशित

सोशल मीडिया पर भारत संवाद
https://x.com/BharatSamvad
www.facebook.com/bharatsamvad.in
www.youtube.com/@BharatSamvad-m3n
E-Paper bharatsamvad.live

2 आज का दिन महान गुरुओं को समर्पित

सफाई कर्मी को मिली लावारिस बच्ची 04

वर्ष :09 | अंक :75 | मुंबई , शुक्रवार , 05 सितम्बर 2025 | पृष्ठ : 06 | मूल्य : 2:00 रुपए

## संक्षिप्त समाचार

### बिजनौर में तेज रफ्तार क्रेन की टक्कर से मां-बेटे की मौत

उत्तर प्रदेश के बिजनौर कोतवाली क्षेत्र में बृहस्पतिवार को एक तेज रफ्तार क्रेन की टक्कर लगने से एक महिला और उसके बेटे की मौत हो गई। पुलिस सूत्रों ने यहां बताया कि बिजनौर कोतवाली क्षेत्र में आज सुबह खूबचंद्र नामक व्यक्ति अपनी पत्नी सरिता (30) और सात-वर्षीय बेटे अक्की को लेकर जा रहा था, लेकिन रास्ते में बाईपास मार्ग पर वी.के. गार्डन के पास उसकी मोटरसाइकिल खराब हो गयी। सूत्रों के अनुसार, मोटरसाइकिल खराब होने पर खूबचंद्र, उनकी पत्नी तथा बेटा पैदल चलने लगे और इसी दौरान तेज रफ्तारर क्रेन ने मां-बेटे को टक्कर मार दी। उन्होंने कहा कि इस घटना में अक्की की मौके पर मौत हो गई, जबकि सरिता ने अस्पताल में उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। दोनों शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। पुलिस ने टक्कर मारने वाली क्रेन को जब्त कर लिया है।

### कार-बस की टक्कर में एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत

दक्षिणी जिले के ओचिरा में बृहस्पतिवार को केरल राज्य सड़क परिवहन निगम (केएसआरटीसी) की एक बस और एक एसयूवी गाड़ी के बीच हुई आमने-सामने की टक्कर में दो बच्चों सहित एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, परिवार कोच्चि हवाई अड्डे पर एक रिश्तेदार को विदा करने के बाद घर लौट रहा था, तभी सुबह करीब साढ़े छह बजे राष्ट्रीय राजमार्ग पर ओचिरा के वलियाकुलंगरा में उनके वाहन और कोल्लम से चेरथला जा रही केएसआरटीसी की एक बस के बीच सीधी टक्कर हो गई। मृतकों की पहचान कोल्लम में थेवलकारा स्थित पाइप जंक्शन निवासी प्रिंस थौमस, उनके बेटे अतुल और बेटी अल्का के रूप में हुई है। परिवार के अन्य तीन लोग एक निजी अस्पताल में उपचाराधीन हैं और उनकी हालत गंभीर बताई गई है। टक्कर इतनी तेज थी कि दोनों वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। स्थानीय लोगों ने एसयूवी के दरवाजे काटकर घायलों को बाहर निकाला और अस्पताल ले गए लेकिन प्रिंस और उनके बच्चों की मौत हो गई थी। ओचिरा पुलिस ने पास की दुकानों से प्राप्त सीसीटीवी फुटेज का हवाला देते हुए कहा कि एसयूवी की रफ्तार उस समय तेज थी और प्रिंस को गाड़ी चलाते समय झपकी लग गई होगी। उन्होंने कहा हालांकि, विस्तृत जांच के बाद ही वास्तविक कारण की पुष्टि हो सकेगी।

# रोटी, पराठा, दूध, हेल्थ-लाइफ इंश्योरेंस टैक्स फ्री

## जीएसटी के अब केवल दो स्लैब 5% और 18%; 22 सितंबर से लागू होंगे बदलाव

**बदलाव**

दैनिक आवश्यक वस्तुओं से लेकर स्वास्थ्य, शिक्षा और उद्योगों तक पर इसका सकारात्मक असर पड़ेगा। उपभोक्ता को सीधे राहत, उद्योगों को प्रोत्साहन और बाजार को गति मिलना इस निर्णय की तीन बड़ी उपलब्धियाँ हैं।


एजेंसी

नई दिल्ली , अब जीएसटी के 4 की जगह केवल दो स्लैब 5% और 18% होंगे। इससे आम जरूरत की चीजें जैसे साबुन, शैंपू के साथ एसी, कार भी सस्ते होंगे। जीएसटी काउंसिल की 56वीं मीटिंग में इस पर फैसला लिया गया। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने 3 सितंबर को इसकी जानकारी दी। वित्त मंत्री सीतारमण ने बताया कि दूध, रोटी, पराठा, छेना समेत कई फूड आइटम जीएसटी फ्री होंगे। वहीं इंडिविजुअल हेल्थ और लाइफ इंश्योरेंस पर भी टैक्स नहीं लगेगा। 33 जीवन रक्षक दवाएं, दुर्लभ बीमारियों और गंभीर बीमारियों के लिए दवाएं भी टैक्स फ्री होंगी। लग्जरी आइटम्स और तंबाकू प्रोडक्ट्स पर अब 28% की जगह 40% जीएसटी लगेगा। मध्यम और बड़ी कारें, 350 से ज्यादा इंजन वाली मोटरसाइकिलें इस स्लैब में आएंगे।



### 'बच्चों की टॉफियों पर भी कांग्रेस लगाती थी 21 परसेंट टैक्स, मैंने किया होता तो...', जीएसटी में बदलाव पर बोले पीएम मोदी

जीएसटी स्लैब में हुए सुधार को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार (4 सितंबर 2025) को कहा कि इस बार धनतेरस की रौनक भी ज्यादा रहेगी क्योंकि दर्जनों चीजों पर टैक्स अब बहुत ही कम हो गया है. उन्होंने कहा कि 21वीं सदी में आगे बढ़ते हुए भारत में जीएसटी में भी नेक्स्ट जेनरेशन रिफॉर्म किया गया है. उन्होंने इस सुधार को देश के ग्रोथ का डबल डोज बताया. पीएम मोदी ने कांग्रेस पर निशाना



साधापीएम मोदी ने कहा, 'नए जीएसटी रिफॉर्म से देश के हर परिवार को बहुत बड़ा फायदा होगा.

### चमड़े का सामान होगा सस्ता

टैनिंग या क्रस्टिंग के बाद तैयार किया गया चमड़ा, पेटेंट चमड़ा वाला और पेटेंट लैमिनेटेड चमड़ा शामिल है। इसके अलावा चमड़े या चमड़े के रेशे के आधार वाला संयोजन चमड़ा, मिश्रित चमड़े के छिलके और अन्य अपशिष्ट पर भी कर की दर को 12 फीसदी से पांच फीसदी कर दिया गया है। इसी श्रेणी में पक्षियों की खालें और उनके पंख से बनी वस्तुएं भी शामिल की गई हैं। भारतीय अर्थव्यवस्था में चमड़ा उत्पाद और फुटवियर उद्योग का खासा महत्व है। यह क्षेत्र उच्च निर्यात आय में अपनी निरंतरता के लिए जाना जाता है

**नए स्लैब 22 सितंबर से लागू हो जाएंगे**

वित्त मंत्री ने बताया कि नए स्लैब नवरात्रि के पहले दिन, यानी 22 सितंबर से लागू हो जाएंगे। हालांकि, तंबाकू वाले सामान पर नई 40% जीएसटीदर अभी लागू नहीं होगी। इन बदलावों का मकसद आम आदमी को राहत देना, छोटे व्यवसायों को सपोर्ट करना और हानिकारक उत्पादों जैसे तंबाकू पर टैक्स बढ़ाकर उनके उपयोग को कम करना है।

# एकजुटता से आतंकवाद का मुकाबला करना सभी मानवतावादी देशों का कर्तव्य :मोदी पीएम

> दक्षिण पूर्व एशिया क्षेत्र में सिंगापुर हमारा सबसे बड़ा ट्रेड पार्टनर है। सिंगापुर से भारत में बड़े स्तर पर निवेश हुआ है। हमारे रक्षा संबंध लगातार मजबूत हो रहे हैं। आज हमने अपनी पार्टनरशिप के भविष्य के लिए एक विस्तृत रोडमैप तैयार किया है।

एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सिंगापुर के प्रधानमंत्री लॉरेंस वोंग के साथ प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता की। जिसके बाद : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और सिंगापुर के प्रधानमंत्री लॉरेंस वोंग की उपस्थिति में दिल्ली में भारत और सिंगापुर के बीच समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए गए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सिंगापुर के प्रधानमंत्री लॉरेंस वोंग के साथ संयुक्त प्रेस वार्ता में कहा कि प्रधानमंत्री लॉरेंस वोंग की ये यात्रा विशेष है क्योंकि इस वर्ष हम अपने संबंधों की 60वीं वर्षगांठ मना रहे हैं... दक्षिण पूर्व एशिया क्षेत्र में सिंगापुर हमारा सबसे बड़ा ट्रेड पार्टनर है। सिंगापुर से भारत में बड़े स्तर पर निवेश हुआ है। हमारे रक्षा संबंध लगातार मजबूत हो रहे हैं। आज हमने अपनी पार्टनरशिप के भविष्य के लिए एक विस्तृत रोडमैप तैयार किया है। हमने निर्णय लिया है कि आपसी व्यापार को गति देने के लिए द्विपक्षीय कॉम्प्रेहेन्सिव इकोनॉमिक कोऑपरेशन एग्रीमेंट और आसियान के हमारे फ्री ट्रेड एग्रीमेंट का समयबद्ध तरीके रिव्यू किया जाएगा। पीएम मोदी ने कहा कि आज हमने अपनी साझेदारी के भविष्य के लिए एक विस्तृत रोडमैप तैयार किया है। हमारा सहयोग केवल पारंपरिक क्षेत्रों तक सीमित नहीं रहेगा।

### भारत-सिंगापुर के बीच कई समझौतों पर मुहर



सिंगापुर के प्रधानमंत्री लॉरेंस वोंग ने कहा, हम अंतरिक्ष जैसे अग्रणी क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाएँगे। अब तक भारत द्वारा सिंगापुर निर्मित 20 से ज्यादा उपग्रह प्रक्षेपित किए जा चुके हैं। अंतरिक्ष क्षेत्र में सहयोग को बढ़ावा देने के लिए हुए समझौता ज्ञापन के माध्यम से, हम इस साझेदारी को व्यापक बनाएंगे और साथ मिलकर जो हासिल कर सकते हैं उसकी सीमाओं को आगे बढ़ाएँगे। अंत में, प्रधानमंत्री मोदी और मैंने इस बात पर जोर दिया कि लोगों के बीच आपसी संबंध हमारे संबंधों की नींव हैं।

# बंगाल विधानसभा- भाजपा चीफ-व्हिप को मार्शलों ने घसीटकर निकाला हुए बेहोश

## 5 विधायक सस्पेंड, ममता ने सदन में मोदी चोर-वोट चोर के लगाए नारे

> पश्चिम बंगाल विधानसभा में भाजपा के मुख्य सचेतक शंकर घोष को मार्शलों द्वारा सदन से बाहर निकाले जाने से हाई ड्रामा देखने को मिला। घोष को बंगाली प्रवासियों पर चर्चा के दौरान हंगामा करने और निलंबन के बाद भी सदन नहीं छोड़ने पर निलंबित किया गया था। यह घटना विपक्ष के राजनीतिक टकराव और विधानसभा में बढ़ती अशांति को दर्शाती है।

एजेंसी

कोलकाता , पश्चिम बंगाल विधानसभा में गुरुवार को बंगाली प्रवासियों पर हो रहे अत्याचारों पर चर्चा के दौरान जमकर हंगामा हुआ। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी प्रस्ताव पर बोल रहीं थीं। तभी विपक्ष ( भाजपा ) ने नारेबाजी शुरू कर दी। भाजपा विधायक 2 सितंबर को विपक्ष के नेता सुवेंदु अधिकारी के निलंबन का विरोध कर रहे थे। टीएमसी विधायकों ने इन्हें रोकने की कोशिश की। जब विपक्ष के विधायक वेल तक पहुंच गए तो स्पीकर बिमान बनर्जी ने अव्यवस्था फैलाने के आरोप में भाजपा के चीफ व्हिप शंकर घोष को विधानसभा से सस्पेंड कर दिया। घोष के बाहर जाने से इनकार करने पर मार्शलों को बुलाया गया। शंकर घोष को घसीटकर सदन से बाहर निकाला गया। बाहर निकालते समय वो गिरकर बेहोश हो गए, उन्हें एंबुलेंस से अस्पताल ले जाया गया। घोष के अलावा चार अन्य भाजपा विधायक अग्निमित्र पॉल, मिहिर गोस्वामी, बंकिम घोष और अशोक डिंडा को भी सदन से निलंबित कर दिया गया है। वहीं, स्पीच के दौरान सीएम ममता बनर्जी ने मोदी चोर और वोट चोर के नारे लगाए। पश्चिम बंगाल विधानसभा का तीन दिन का विशेष सत्र 1 सितंबर को शुरू हुआ था। 3 सितंबर को करम पूजा के कारण राजकीय छुट्टी थी। आज सत्र का आखिरी दिन है।

भाजपा भ्रष्ट लोगों की पार्टी है। हमने संसद में देखा कि कैसे भाजपा ने हमारे सांसदों को परेशान करने के लिए उकरत्र का इस्तेमाल किया। एक दिन ऐसा आएगा जब भाजपा का एक भी विधायक विधानसभा में नहीं बैठेगा। बस कुछ दिन इंतजार कीजिए, लोग आपको सत्ता से बाहर कर देंगे।

भाजपा नेता बोले- ममता ने पूरे मोदी समुदाय को गाली दी भाजपा नेता सुवेंदु अधिकारी ने कहा कि ममता ने सदन में पूरे मोदी समुदाय को गाली दी है। उनके खिलाफ केस करेंगे। सुवेंदु विधानसभा के सत्र से पहले ही सस्पेंड किए जा चुके हैं।



### ममता ने कहा- भाजपा बंगाल विरोधी

बंगाल भाजपा प्रवासियों पर हमलों पर विधानसभा में चर्चा के खिलाफ है, क्योंकि ये घटनाएं भगवा पार्टी शासित राज्यों में हो रही हैं। हम हिंदी या किसी अन्य भाषा के खिलाफ नहीं हैं, लेकिन भाजपा बंगाली विरोधी है। भाजपा की तानाशाही और औपनिवेशिक मानसिकता है, वह बंगाल को अपना उपनिवेश बनाना चाहती है। भाजपा ने विदेशी ताकतों के सामने भारत का सम्मान बेच दिया है। केंद्र कभी अमेरिका के सामने, तो कभी चीन के सामने भीख मांगता है।

# दिल्ली में यमुना का पानी सड़कों पर एमपी के उज्जैन में मंदिर डूबा

## राजस्थान में दौसा के बाजार में पानी भरा; पंजाब में गुरुद्वारे की दीवार ढही

> पंजाब के सभी 23 जिलों में बाढ़ आ गई है। 1,655 गांवों में 3.55 लाख से ज्यादा लोग प्रभावित हैं। 1 अगस्त से 3 सितंबर तक बाढ़ में 37 लोगों की मौत हुई है। रोपड़ के गांव नारंगपुर (बारी) में गुरुद्वारा तपस्तान बीबी मुमताजगढ़ साहिब की दीवार ढह गई।

एजेंसी

चंडीगढ़/दिल्ली , दिल्ली में यमुना का पानी शहर के अंदर घुस गया है। गुरुवार को शहर के कई इलाकों में 3-4 फीट तक पानी भरा है। मयूर विहार फेज-1 में बाढ़ प्रभावित लोगों के लिए बने राहत शिविरों में यमुना का पानी भर गया। अलीपुर में नेशनल हाईवे-44 पर फ्लाईओवर का एक हिस्सा धंस गया। मध्य प्रदेश के उज्जैन में क्षिप्रा का जलस्तर बढ़ने से घाट किनारे के मंदिर डूब गए हैं। उनके गुंबद तक पानी आ गया है। रतलाम में रेलवे स्टेशन पर प्लेटफॉर्म नंबर 4 पानी में डूबा है। राजस्थान में दौसा जिले के कई इलाकों में गुरुवार को बारिश हुई। सिकराय सहित कई इलाकों के बाजारों में पानी भर गया। अजमेर में जेएलएन हॉस्पिटल और मेडिकल कॉलेज पानी में आधा डूब गया है।



### यमुना में उफान, दिल्ली में बाढ़! केजरीवाल बोले- आप कार्यकर्ता राहत में जुटें

अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली के बाढ़ प्रभावित निचले इलाकों में राहत कार्यों में मदद के लिए आप कार्यकर्ताओं से अपील की है। यमुना नदी का जलस्तर खतरे के निशान से ऊपर बना हुआ है, जिससे राजधानी में व्यापक जलभराव और गंभीर स्थिति बनी हुई है। प्रशासन के साथ मिलकर हर जरूरतमंद तक मदद पहुँचाने पर जोर दिया जा रहा है। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने गुरुवार को सभी पार्टी कार्यकर्ताओं से दिल्ली के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में राहत एवं बचाव कार्य में अधिकारियों की मदद करने की अपील की।

### सोनिया गांधी के खिलाफ आपराधिक शिकायत, जांच की मांग

एजेंसी

पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी के खिलाफ राउज एवेन्यू कोर्ट में एक आपराधिक शिकायत दर्ज की गई है, जिसमें आरोप लगाया गया है कि उन्होंने नागरिकता प्राप्त करने से पहले भारतीय मतदाता का दर्जा प्राप्त करने के लिए जाली दस्तावेज बनाए। वकील विकास त्रिपाठी द्वारा दायर की गई इस शिकायत में इस बात की जाँच की माँग की गई है कि अप्रैल 1983 में भारत की नागरिक बनने से पहले ही सोनिया गांधी अपना वोट कैसे डाल पाईं।

# 'गुंडा टैक्स सपा सरकार का संस्कार था'

## गोरखपुर में सीएम योगी ने सपा को सुना दी खरी-खरी

> गीडा के प्लास्टिक पार्क में उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि गोरखपुर, पूर्वी उत्तर प्रदेश और उत्तर प्रदेश में 2017 के पहले निवेश सपना था.

एजेंसी

पूर्वी उत्तर प्रदेश के औद्योगिक विकास में गुरुवार का दिन काफी अहम रहा. गुरुवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गीडा (गोरखपुर औद्योगिक विकास प्राधिकरण) क्षेत्र में 2251 करोड़ रुपये के निवेश और विकास परियोजना का शिलान्यास व लोकार्पण किया. निवेश की परियोजनाओं में मल्टीनेशनल कंपनी कोका कोला के बॉटलिंग प्लांट का भूमि पूजन, देश में अग्रणी प्लास्टिक उत्पाद-पैकेजिंग कम्पनी टेक्नोप्लास्ट की यूनिट का लोकार्पण शामिल है. इस अवसर पर आयोजित समारोह में मुख्यमंत्री ने वर्तमान सरकार में बने सुरक्षा के माहौल को निवेश की आधारशिला बताया. इस संदर्भ के उन्होंने पूर्व की सरकार पर कटाक्ष करते हुए कहा कि व्यापारियों और उद्यमियों से गुंडा टैक्स की वसूली सपा सरकार के संस्कार का हिस्सा था. गीडा के प्लास्टिक पार्क में उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि गोरखपुर, पूर्वी उत्तर प्रदेश और उत्तर प्रदेश में 2017 के पहले निवेश सपना था. डबल इंजन सरकार के द्वारा प्रतिबद्धता से जनसेवा के किए गए कार्यों का परिणाम है कि आज प्रदेश में विकास, निवेश और रोजगार की संभावनाओं को तेजी से आगे बढ़ाया जा रहा है. उन्होंने कहा कि जब सुरक्षा का माहौल बनता है तो निवेश आता है. निवेश से नौकरी और रोजगार के द्वार खुलते हैं. रोजगार से खुशहाली आती है और समृद्धि का मार्ग प्रशस्त होता है. उन्होंने कहा डबल इंजन की सरकार सुरक्षा का माहौल देकर समृद्धि का मार्ग सुगम कर रही है.



# केंद्रीय कृषि मंत्री ने पंजाब में बाढ़ प्रभावित इलाकों का किया दौरा

### राज्यपाल ने स्थिति पर सौंपी रिपोर्ट

पंजाब के राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया ने केंद्रीय कृषिमंत्री को अमृतसर, पठानकोट, गुरदासपुर, तरनतारन और फिरोजपुर जिलों में बाढ़ की स्थिति पर सौंपी रिपोर्ट.

एजेंसी



चंडीगढ़ः केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने गुरुवार को पंजाब के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया. जहां उन्होंने प्रभावित किसानों से बातचीत की. इससे पहले, अमृतसर आगमन पर पंजाब के राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया ने श्री गुरु रामदास जी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उन्हें बाढ़ की स्थिति पर एक विस्तृत रिपोर्ट सौंपी. यहां से ट्रैक्टर पर सवार होकर चौहान गुरदासपुर में एक जलमग्न खेत में भी गए और बाढ़ से क्षतिग्रस्त धान की फसल का निरीक्षण किया. केंद्रीय मंत्री ने कहा, बाढ़ से उत्पन्न स्थिति का आकलन करने के लिए दो केंद्रीय दल भी कर रहे पंजाब का दौराइससे पहले अमृतसर में उन्होंने कहा कि बाढ़ से उत्पन्न स्थिति का आकलन करने के लिए दो केंद्रीय दल भी पंजाब का दौरा कर रहे हैं और वे केंद्र को एक रिपोर्ट सौंपेंगे.

**वार** बिहार बंद के बीच लालू यादव का बीजेपी पर वार

# गुजराती लोग बिहारियों को हल्के में ना लें

एजेंसी

**नयी दिल्ली**। राजद प्रमुख लालू यादव ने गुरुवार को बिहार में भाजपा के राज्यव्यापी बंद को लेकर उस पर निशाना साधा और पार्टी कार्यकताओं पर राज्य की महिलाओं के साथ दुर्व्यवहार करने का आरोप लगाया। पर एक सोशल मीडिया पोस्ट में लालू यादव ने सवाल किया कि क्या प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भाजपा सदस्यों को बिहार और बिहारियों की माताओं, बहनों और बेटियों को गाली देने का आदेश दिया है। लालू ने लिखा कि क्या प्रधानमंत्री मोदी ने आज भाजपा सदस्यों को बिहार और बिहारियों की माताओं, बहनों और बेटियों को गाली देने का आदेश दिया है ? गुजरातियों को बिहारियों को कम नहीं आंकना चाहिए। यह बिहार है। सोशल मीडिया पोस्ट में लालू यादव ने आगे लिखा कि भाजपा के गुंडे और बदमाश सम्मानित शिक्षकों, सड़कों पर चल रही महिलाओं, छात्रों, गर्भवती महिलाओं, बुजुर्गों और पत्रकारों को गाली दे रहे हैं, मारपीट कर रहे हैं और उनके साथ दुर्व्यवहार कर रहे हैं ? क्या यह उचित है ? शर्मनाक ! इस बीच, राजद नेता और बिहार विधानसभा में विपक्ष के नेता तेजस्वी यादव ने प्रधानमंत्री मोदी की आलोचना करते हुए उन पर बिहार की जनता से ₹झूठे वादे₹ करने का आरोप लगाया। उन्होंने प्रधानमंत्री पर निशाना साधते हुए उनकी मंशा पर भी सवाल उठाया और कहा कि भाजपा चुनावी फायदे के लिए बिहार के वोटों का इस्तेमाल करना चाहती है और गुजरात में कारखाने लगा रही है। सोशल मीडिया पर पोस्ट में लिखा है, ₹मोदी जी ! बिहार आपके झूठे वादों में नहीं फँसेगा। इस बार मुद्दा गरीबी, बेरोजगारी, अपराध, पलायन, बेहतर स्वास्थ्य और शिक्षा व्यवस्था है ! आप बिहार से जीत चाहते हैं और गुजरात में कारखाने लगाएँगे ! बिहार के लोग मेहनत-मजदूरी के लिए नहीं बने हैं। बिहार में महागठबंधन के एक कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दिवंगत मां के खिलाफ की गई अपमानजनक टिप्पणी को लेकर राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) बिहार बंद का आह्वान कर रहा है।

यह विवाद बिहार विधानसभा चुनाव से पहले सामने आया है, जिसके अक्टूबर या नवंबर में होने की उम्मीद है। ये चुनाव एनडीए और महागठबंधन दोनों के लिए एक महत्वपूर्ण परीक्षा होने की संभावना है, क्योंकि दोनों पक्ष सत्ता के लिए होड़ लगा रहे हैं और मतदाताओं का दिल जीतने की कोशिश कर रहे हैं।



> लालू ने लिखा कि क्या प्रधानमंत्री मोदी ने आज भाजपा सदस्यों को बिहार और बिहारियों की माताओं, बहनों और बेटियों को गाली देने का आदेश दिया है? गुजरातियों को बिहारियों को कम नहीं आंकना चाहिए। यह बिहार है।

# ई-रिक्शा के लिए भी भारत-एनकैप जैसा सुरक्षा मानक लाने पर विचार: गडकरी




एजेंसी

**नयी दिल्ली**। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने बृहसपतिवार को कहा कि सरकार देश में सड़क सुरक्षा उपायों को बढ़ाने के लिए ई-रिक्शा के लिए भी भारत एनकैप की तर्ज पर सुरक्षा मानक लाने पर विचार कर रही है। गडकरी ने फिक्की सड़क सुरक्षा पुरस्कार एवं संगोष्ठी के सातवें संस्करण को संबोधित करते हुए कहा कि सड़क सुरक्षा सरकार के लिए एक अहम मुद्दा है। उन्होंने कहा, देश में हर साल करीब पांच लाख सड़क हादसे होते हैं, जिनमें 1.8 लाख लोगों की जान जाती है। इनमें से 66.4 प्रतिशत मौतें 18 से 45 वर्ष की उम्र वाले लोगों की होती हैं। उन्होंने सड़क हादसों में होने वाली मौतों को कम करने के लिए सड़क सुरक्षा को लेकर जागरूकता बढ़ाने और घायलों को समय पर अस्पताल पहुंचाने की जरूरत पर बल दिया।

गडकरी ने इस प्रयास में ई-रिक्शा को सुरक्षित बनाने को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा, ई-रिक्शा की संख्या देश में बहुत अधिक है। हम देख रहे हैं कि किस तरह इनके लिए सुरक्षा मानकों में सुधार किया जा सकता है। हम ई-रिक्शा के लिए भी भारत-एनकैप जैसे सुरक्षा मानक लाने जा रहे हैं। उन्होंने चार-पहिया वाहनों के लिए सुरक्षा मानकों को बेहतर करने के इरादे से वर्ष 2023 में भारत-एनकैप सुरक्षा मानक की शुरूआत की थी।

> मंत्री ने आम लोगों से अपील की कि सड़क दुर्घटना में घायल हुए लोगों को तुरंत अस्पताल पहुंचाएं, क्योंकि समय पर इलाज से लगभग 50,000 लोगों की जान बचाई जा सकती है।

# आज का दिन महान गुरुओं को समर्पित

> हमारे देश में प्रतिवर्ष 5 सितंबर का दिन बेहद महत्वपूर्ण होता है। इस दिन को टीचर्स डे के रूप में सेलिब्रेट किया जाता है। इस दिन को पहली बार भारत के दूसरे राष्ट्रपति के साथ ही एक महान शिक्षक दार्शनिक डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्मदिन पर मनाया गया था। तबसे लेकर लगातार यह परंपरा जारी है।

पा हर साल 5 सितम्बर को देशभर के स्कूल और कॉलेजों में शिक्षक दिवस बड़े उत्साह से मनाया जाता है। यह दिन उन महान गुरुओं को समर्पित है, जिनकी वजह से समाज में ज्ञान की ज्योति जलती रहती है। कहा जाता है कि बिना शिक्षक के जीवन अधूरा है, क्योंकि वे ही हमें सही और गलत की पहचान कराते हैं। शिक्षक न केवल किताबों का ज्ञान देते हैं, बल्कि जीवन जीने का तरीका और अच्छे इंसान बनने का मार्ग भी दिखाते हैं। यही कारण है कि डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती को शिक्षक दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस मौके पर छात्र-छात्राएं अपने शिक्षकों के प्रति आभार व्यक्त करने के लिए भाषण, निबंध और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन करते हैं। डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन एक महान शिक्षक और भारत के राष्ट्रपति रह चुके हैं। शिक्षक दिवस के मौके पर यहां हमने आपके लिए कुछ निबंध के उदाहरण दिए हैं... शिक्षक दिवस पर निबंध लिखते समय सबसे पहले इसकी पृष्ठभूमि बताएं कि यह दिन 5 सितम्बर को क्यों मनाया जाता है और इसका संबंध डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन से कैसे है। निबंध की शुरूआत रोचक और आकर्षक वाक्य से करें ताकि पाठक का ध्यान खिंच सके। इसके बाद शिक्षक की भूमिका, समाज में उनका महत्व और बदलते समय में उनकी जिम्मेदारियों पर चर्चा करें। निबंध में अपने व्यक्तिगत अनुभव या किसी प्रेरणादायक शिक्षक की बात शामिल करने से यह और खास बन जाता है। ध्यान रखें कि भाषा सरल, स्पष्ट और प्रवाहपूर्ण हो, ताकि आपका निबंध पढ़ने वाला आसानी से जुड़ सके।



शिक्षक दिवस का महत्व भारत में शिक्षक दिवस हर वर्ष 5 सितम्बर को मनाया जाता है। यह दिन महान दार्शनिक, विद्वान और शिक्षक डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। जब वे राष्ट्रपति बने, तो उनके शिष्यों और मित्रों ने उनका जन्मदिन मनाने की इच्छा जताई। उन्होंने कहा कि यदि यह दिन शिक्षक दिवस के रूप में मनाया जाए तो उन्हें गर्व होगा। तभी से यह परंपरा शुरू हुई। शिक्षक केवल पढ़ाई ही नहीं कराते, बल्कि हमें जीवन के मूल्य भी सिखाते हैं। वे अनुशासन, ईमानदारी, परिश्रम और सहयोग की भावना विकसित करते हैं। आधुनिक समय में शिक्षकों की भूमिका और भी बढ़ गई है।


तकनीक और डिजिटल शिक्षा के दौर में भी शिक्षक ही विद्यार्थियों को सही दिशा दिखाते हैं। इस दिन विद्यार्थी अपने शिक्षकों को उपहार, कार्ड और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से सम्मान देते हैं। शिक्षक दिवस हमें यह समझाता है कि हमें हमेशा अपने गुरुओं का आदर करना चाहिए, क्योंकि उनके बिना हमारा जीवन अधूरा है। शिक्षक दिवस भारत का एक महत्वपूर्ण अवसर है, जो हर साल 5 सितम्बर को मनाया जाता है। यह दिन भारत के दूसरे राष्ट्रपति और महान शिक्षक डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती पर मनाया जाता है। उनका मानना था कि शिक्षा का उद्देश्य केवल नौकरी पाना नहीं, बल्कि चरित्र और व्यक्तित्व का निर्माण करना है। शिक्षक समाज की नींव होते हैं। वे विद्यार्थियों के जीवन को आकार देते हैं और उन्हें अच्छे नागरिक बनने की प्रेरणा देते हैं। एक अच्छा शिक्षक ज्ञान के साथ-साथ संस्कार और नैतिकता भी प्रदान करता है। वह विद्यार्थी को कठिनाइयों से लड़ना, मेहनत करना और जीवन में आगे बढ़ना सिखाता है। आधुनिक युग में शिक्षकों की जिम्मेदारी और भी बढ़ गई है। ऑनलाइन शिक्षा, प्रतिस्पर्धा और बदलते मूल्यों के बीच शिक्षक विद्यार्थियों को संतुलित जीवन जीने की राह दिखाते हैं। वे तकनीक का उपयोग कर पढ़ाई को रोचक बनाते हैं और बच्चों के अंदर रचनात्मकता को बढ़ावा देते हैं। शिक्षक दिवस पर विद्यालयों और कॉलेजों में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। विद्यार्थी अपने शिक्षकों को फूल, कार्ड, कविता और भाषण के माध्यम से धन्यवाद देते हैं। इस दिन शिक्षक और छात्र के बीच का संबंध और भी मजबूत हो जाता है। शिक्षक समाज के असली निमार्ता हैं। उनका सम्मान करना हर विद्यार्थी का कर्तव्य है। शिक्षक दिवस हमें यह अवसर देता है कि हम अपने गुरुओं के प्रति आभार व्यक्त करें और उनके बताए मार्ग पर चलकर अच्छे इंसान बनें। शिक्षक हमारे मार्गदर्शक हैं, जो हमें सही रास्ते पर चलने में मदद करते हैं। वे हमें शिक्षा देते हैं, जो हमारे जीवन का आधार है। इसके साथ ही हमें सही दिशा में आगे बढ़ने में मदद करते हैं। वे हमें जीवन के हर पहलू में सहायता करते हैं, जैसे कि कैसे अच्छे इंसान बनना है, कैसे समाज में योगदान करना है, और कैसे अपने लक्ष्यों को प्राप्त करना है। हमें अपने शिक्षकों को धन्यवाद देना चाहिए, जिन्होंने हमें पढ़ाया और हमारे जीवन को सुधारा। वे हमारे रोल मॉडल हैं, जिन्होंने हमें सही रास्ते पर चलने में मदद की है। यह दिन हमें मौका देता है उनके प्रति सम्मान और आभार व्यक्त करने का। वे हमारे जीवन को सुधारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, इसलिए उनको जितना भी धन्यवाद दो कम ही है। आओ मिलकर शिक्षकों को धन्यवाद दें, जिन्होंने हमें पढ़ाया और हमारे जीवन को सुधारा। वैसे तो शिक्षक दिवस का महत्व केवल एक दिन के समारोह तक सीमित नहीं होना चाहिए। लेकिन तब भी, शिक्षक दिवस हमें अपने शिक्षकों को धन्यवाद देने और उनके योगदान को स्वीकार करने का अवसर प्रदान करता है। हमें अपने शिक्षकों द्वारा दिए गए ज्ञान को अपने जीवन में उतारना चाहिए। इस दिन हमें उनके योगदान की सराहना करते हुए, उन्हें धन्यवाद कहना चाहिए, क्योंकि उनके बिना हमारा जीवन अधूरा है।

## सम्पादकीय

### राष्ट्रीय चिंता का विषय बने घुसपैठिए, विकास को बाधित करने के अलावा लोकतंत्र के लिए भी खतरा

सीमा पार से घुसपैठ भारत की सबसे गंभीर आंतरिक सुरक्षा चिंताओं में से एक बन गई है। स्वतंत्रता दिवस पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लाल किले की प्राचीर से इस खतरे को रेखांकित करते हुए कहा, अवैध घुसपैठिए हमारे युवाओं की रोजी-रोटी छीन रहे हैं, हमारी बेटियों और बहनों को निशाना बना रहे हैं और निर्दोष आदिवासियों की वन भूमि पर कब्जा कर रहे हैं। उन्होंने सीमावर्ती क्षेत्रों में इन जनसांख्यिकीय बदलावों को राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा बताया। इस समस्या से निपटने के लिए सरकार ने एक उच्चस्तरीय जनसांख्यिकीय सुरक्षा मिशन के गठन की घोषणा भी की है। यह इस चुनौती का मुकाबला करने के लिए एक दृढ़ प्रयास का संकेत देता है। घुसपैठ अब केवल सीमा-विशेष के स्तर पर ही समस्या नहीं रह गई है। दिल्ली, हैदराबाद, गुरुग्राम और पुणे जैसे प्रमुख शहरों में घुसपैठियों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। इससे शहरी सेवाओं और व्यवस्था पर दबाव बढ़ रहा है। इसके दूरगामी सामाजिक, राजनीतिक और आर्थिक परिणाम भी सामने आ रहे हैं। घुसपैठ एक राष्ट्रीय चिंता बन गई है। बांग्लादेश और म्यांमार से आए घुसपैठियों ने असम, बंगाल, त्रिपुरा और पूर्वोत्तर के अन्य राज्यों की जनसांख्यिकीय संरचना को बदल दिया है। इससे सामाजिक संतुलन बिगड़ा है। इसके चलते भूमि, भाषा और पहचान को लेकर टकराव पैदा हो रहा है। स्थानीय लोगों में धारणा बढ़ रही है कि घुसपैठिए कल्याणकारी योजनाओं और राजनीतिक तुष्टीकरण का लाभ उठा रहे हैं। इस धारणा ने जातीय राष्ट्रवाद और सांप्रदायिक तनाव को जन्म दिया है। कट्टरपंथी समूह ऐसी भावनाओं का फायदा उठाने में तत्पर रहते हैं, जिससे सामाजिक एकता को और खतरा पैदा होता है। इस समस्या को विकराल बनाने में राजनीतिक दल भी कम दोषी नहीं। अधिकांश दलों ने वोट-बैंक के लिए जाली दस्तावेजों के जरिये घुसपैठियों को सरकारी जमीनों खासकर नदियों के निकट और वन क्षेत्रों में बसाने में मदद की है। अल्पकालिक चुनावी लाभ के लिए इससे राष्ट्रीय सुरक्षा के साथ दीर्घकालिक समझौता हो जाता है। इससे नागरिकों और राज्य के बीच अविश्वास गहराता है। समय रहते अगर इस समस्या पर ध्यान नहीं दिया गया तो यह भारी अशांति का कारण बन सकता है, विशेषकर उन संवेदनशील क्षेत्रों में जहां जनसांख्यिकीय दबाव बढ़ रहा है। इसके तब और विध्वंसक परिणाम सामने आते हैं जब घुसपैठिए कृषि, निर्माण और घरेलू मजदूरी से जुड़े काम में संलग्न हो जाते हैं। इससे बाजार सस्ते मजदूरों से भर जाता है और स्थानीय श्रमिकों के हितों पर चोट पहुंचती है। सुरक्षा के जोखिम अलग बढ़ जाते हैं। कई घुसपैठिए अनौपचारिक या ग्रे इकोनमी में भी लिप्त होते हैं।

## आज का विचार




## राशिफल

**मेष राशि :** आपको अपने कार्यक्षेत्र में कुछ नए अधिकार प्राप्त हो सकते हैं, जिससे मन प्रसन्न रहेगा। वहीं, रचनात्मक कार्यों में भी थोड़ी रुचि बढ़ सकती है और नौकरी करने वालों को कार्यस्थल पर कुछ बदलाव देखने को मिल सकते हैं।

**वृषभ राशि :** कारोबार के मामले में दिन अच्छा रहने वाला है और आपको अपनी मेहनत का शुभ फल प्राप्त होगा। सांसारिक सुख के साधनों में वृद्धि हो सकती है और आप शाम के समय आवश्यक सामानों की खरीदारी भी करने जा सकते हैं।

**मिथुन राशि:** समाज में आपके मान-सम्मान में वृद्धि हो सकती है और कार्यक्षेत्र में भी प्रभाव बढ़ेगा। व्यापार के मामले में आपको अपने सहयोगियों का पूरा साथ मिलेगा और जीवनसाथी भी हर मोड़ पर साथ रहेंगे। अगर लंबे समय से किसी कर्ज का सामना कर रहे थे तो अब उससे भी राहत मिल सकती है।

**कर्क राशि :** आपको कोई उत्तम संपत्ति का सुख प्राप्त हो सकता है और अगर लंबे समय से कहीं धन रुका हुआ था, तो वह भी अब मिल सकता है। राजनीतिक और सामाजिक क्षेत्र से जुड़े लोगों को बड़ी सफलता मिल सकती है। लेकिन इसके लिए आपको प्रयास करते रहने होंगे।

**सिंह राशि :** कार्यक्षेत्र में आपको अपने मित्रों और अन्य सहकर्मियों की भावनाओं को समझना होगा। उनका ख्याल करके कोई भी फैसला लेना ज्यादा बेहतर होगा और आपको संतोष महसूस होगा। कुछ मामलों में आप अपने आसपास के लोगों की सलाह भी ले सकते हैं, जो आपके काम आएगी।

**कन्या राशि :** आर्थिक मामलों में सावधान रहने की जरूरत है क्योंकि, इस समय आपको अधिक खर्चों का सामना करना पड़ सकता है। वहीं, कार्यक्षेत्र में किसी प्रकार का विवाद उत्पन्न हो सकता है।

**तुला राशि:** व्यापार के मामले में आपकी कुछ नए लोगों से मुलाकात हो सकती है। कार्यक्षेत्र में अचानक आए कुछ बदलावों और नए कामों से आपको लाभ प्राप्त हो सकता है। लेकिन आपको किसी भी नए काम में सारे पहलुओं पर अच्छी तरह विचार करना होगा।

**वृश्चिक राशि :** आपका दिन खुशियों से भरा रहने वाला है। कार्यक्षेत्र में आप अपनी जिम्मेदारियों को सफलतापूर्वक पूरा कर लेंगे, जिसके चलते आपकी सराहना भी की जाएगी। वहीं, बिजनेस के मामले में किसी अनुभवी व्यक्ति की सलाह लेने की जरूरत पड़ सकती है

**धनु राशि :** व्यापार के मामले में दिन मिलाजुला रहने वाला है। कार्यक्षेत्र में किसी महत्वपूर्ण मीटिंग या चर्चा में सभी आपके सुझावों को गंभीरता से लेंगे, जिससे आपका आत्मविश्वास बढ़ सकता है।

**मकर राशि :** कामकाज के सिलसिले में आपको किसी यात्रा पर जाना पड़ सकता है, जिसके द्वारा सफलता प्राप्त होगी और आपको सकारात्मक परिणाम भी मिल सकते हैं। आर्थिक मामलों में भी दिन अनुकूल रहेगा। लेकिन इस समय किसी भी व्यक्ति को उधार देने से बचें, अन्यथा धन वापस मिलने की कम संभावना है।

**कुंभ राशि:** आपका दिन सामान्य से बेहतर रहने वाला है और राजनीतिक क्षेत्र से जुड़े लोगों को बड़ी सफलता प्राप्त हो सकती है। वहीं, सक्रिय राजनीति में भाग लेने का मौका मिल सकता है। कार्यक्षेत्र में आप विरोधियों को पीछे छोड़ देंगे और आर्थिक मामलों में लाभ मिलने के योग भी बने हुए हैं। आप दिन का कुछ समय पुण्य के कार्यों में भी व्यतीत कर सकते हैं।

**मीन राशि :** आर्थिक मामलों में दिन अच्छा रहने वाला है और आपको अपना कहीं रुका या खोया हुआ पैसा अब वापस मिल सकता है, जिससे मन प्रसन्न रहेगा। वहीं, उत्तम संपत्ति प्राप्त होने के योग भी बन रहे हैं। अगर कार्यक्षेत्र में किसी समस्या का सामना कर रहे थे तो अब उसका समाधान मिल सकता है। इसी के चलते तनाव भी कम होगा

**ज्योतिष सेवा केन्द्र**
**ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री**

# उम्मीदों की चीप से हौसलों की उड़ान भरता भारत

ललित गर्ग

भारत ने तकनीकी आत्मनिर्भरता की दिशा में एक नया इतिहास रचते हुए अपना पहला पूर्णतया स्वदेशी 32-बिट माइक्रोप्रोसेसर तैयार कर एक तकनीकी क्रांति को आकार दिया है। यह उपलब्धि न केवल वैज्ञानिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है बल्कि राष्ट्रीय गौरव का भी प्रतीक है। भारत ने इस तकनीकी क्रांति की तरफ कदम बढ़ते हुए आत्मनिर्भर एवं स्वदेशी तकनीकी प्रगति को नये आयाम दिये हैं। पहला पूर्णतः स्वदेशी 32-बिट माइक्रोप्रोसेसर विकसित करने की उल्लेखनीय उपलब्धि के लिये इसरो की सेमीकंडक्टर लैब साक्षी बनी है। पहली मेड इन इंडिया चिप का उत्पादन गुजरात के साणंद स्थित पायलट प्लांट से शुरू होगा। केंद्र की इस महत्वाकांक्षी परियोजना के अंतर्गत 18 अरब डॉलर से ज्यादा के कुल निवेश वाली दस सेमीकंडक्टर परियोजनाएं देश में चल रही हैं, अब भारत को इस तरह की तकनीक के लिये विदेशों के पराधीन नहीं होना होगा। इस कड़ी प्रतिस्पर्धा वाले चिप क्षेत्र में भारत की यह दस्तक उत्साह जगाने वाली है, निश्चित ही इससे भारत की ताकत बढेगी और तकनीक के साथ-साथ यह आर्थिक विकास को तीव्र गति देगा। फिलहाल आधुनिक समय की इस जादुई चिप के उत्पादन में ताइवान, दक्षिण कोरिया, जापान, चीन और अमेरिका जैसे देशों का वर्चस्व है। विशेषतः भारत की यह जादूई उपलब्धि अमेरिका को आइना दिखाने वाली है, ट्रंप को यह एक बड़ा झटका है।



भारत इस क्षेत्र में एक प्रमुख वैश्विक खिलाड़ी बनने के लिये उत्सुक है। तभी सेमीकॉन इंडिया-2025 के उद्घाटन अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि वह दिन दूर नहीं है जब भारत की सबसे छोटी चिप दुनिया में बड़े बदलाव की नींव रखेगी। हालांकि, इस राह में अभी कई चुनौतियां हैं, लेकिन उम्मीद है कि छह सौ अरब डॉलर वाले वैश्विक सेमीकंडक्टर उद्योग में भारत की हिस्सेदारी आने वाले वर्षों में 45 से 50 अरब डॉलर की हो सकती है, जिससे भारत अनेक मोर्चें पर सफलता के परचम फहरायेगा। इस स्वदेशी 32-बिट माइक्रोप्रोसेसर को भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन की अर्धचालक प्रयोगशाला ने अभिकल्पित किया है और इसे विक्रम नाम दिया गया है। यह अंतरिक्ष-मानक माइक्रोप्रोसेसर है, जो मुख्यतः अंतरिक्ष अभियानों और रॉकेट प्रणालियों में प्रयोग के लिए तैयार किया गया है। इसरो ने सेमीकंडक्टर प्रयोगशाला (एससीएल) चंडीगढ़ के साथ मिलकर दो स्वदेशी 32-बिट माइक्रोप्रोसेसर विक्रम 3201 और कल्पना 3201 विकसित किए हैं। यह माइक्रोप्रोसेसर प्रक्षेपण यानों के नेविगेशन और नियंत्रण में मदद करेंगे। विक्रम 3201 पूरी तरह भारत में बना पहला 32-बिट प्रोसेसर है। इस कदम से इसरो को विदेशी प्रोसेसरों पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा जिससे अंतरिक्ष में देश की आत्मनिर्भरता बढ़ेगी। निश्चित ही इससे भारत ने महाशक्ति बनने की ओर अपनी गति को तीव्रता दी है, जिससे अमेरिका हिला और दुनिया भारत की ताकत से रू-ब-रू हो रही है। अब तक भारत को अनेक जटिल अंतरिक्ष अभियानों के संचालन हेतु विदेशी सूक्ष्म-प्रक्रमकों और अर्धचालक पट्टिकाओं पर निर्भर रहना पड़ता था। यह विदेशी निर्भरता न केवल आर्थिक दृष्टि से बोझिल थी बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा के दृष्टिकोण से भी चुनौतीपूर्ण थी। विक्रम माइक्रोप्रोसेसर के निर्माण से भारत ने इस निर्भरता की बेड़ियों को तोड़ा है और आत्मनिर्भर भारत की दिशा में सशक्त कदम बढ़ाया है। निस्संदेह, भारत को चिप उत्पादन क्षेत्र में एक दिग्गज देश बनने के लिए निरंतर निवेश, अनुसंधान-विकास और विनिर्माण की आवश्यकता होगी। प्रधानमंत्री मोदी इसके लिये निरन्तर प्रयासरत है। हाल ही में प्रधानमंत्री की जापान यात्रा से उम्मीद जगी है कि वह वैश्विक सेमीकंडक्टर डिजाइन पारिस्थितिकीय तंत्र विकसित करने में भारत के लिये मददगार साबित हो सकता है। यह सुखद ही है कि भारत में चिप उत्पादन परियोजनाओं में जापानी निवेश बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री मोदी की विदेश यात्राएं भारत को ऐसे ही विकास के नये शिखरों पर आरोहण कराने का सशक्त माध्यम बन रही है।

निश्चित रूप से मोदी सरकार के प्रयासों से भारत चिप उत्पादन के वैश्विक महत्वाकांक्षी अभियान की दौड़ में तेजी से आगे बढ़ सकता है। दरअसल, डिजिटल डिवाइसों का मस्तिष्क कहा जाने वाला सेमीकंडक्टर कंप्यूटर, मोबाइल, राउटर, कार, सैटलाइट जैसे उन्नत डिजिटल डिवाइस तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इन उपकरणों की कार्यकुशलता उन्नत चिप की ताकत पर निर्भर करती है। साधारण शब्दों में कहें चिप पतली सिलिकॉन वेफर पर बने लाखों-करोड़ों ट्रांजिस्टरों का संजाल है। जो कंप्यूट करने, मेमोरी प्रबंधन व सिग्नल प्रोसेस करके डिवाइस को उन्नत बनाती है। उम्मीद है कि भारत का स्वदेशी चिप इस साल के आखिर तक बाजार में आ सकेगी। जिसका असर जियोपॉलिटिक्स पर तो होगा ही, नये रोजगार सृजन का वातावरण भी बनेगा, भारत तकनीकी विकास के नये आयाम उद्घाटित करते हुए विश्व को अचंभित भी करेगा। निश्चय ही भारत यदि अनुसंधान-विकास व व्यापार सुगमता की स्थितियां निर्मित कर लेता है तो हमारी सेमीकंडक्टर आयात के लिये दूसरे देशों पर निर्भरता कम हो सकती है। इससे हम वैश्विक दबाव से मुक्त होकर अपनी आपूर्ति शृंखला को मजबूत बना सकते हैं। 32-बिट क्षमता का अर्थ है कि यह माइक्रोप्रोसेसर अधिक व्यापक स्मृति का उपयोग कर सकता है और जटिल संगणकीय कार्यों को तीव्र गति से संपन्न कर सकता है। अंतरिक्ष अभियानों में जहाँ प्रत्येक क्षण और प्रत्येक संकेत का महत्व होता है, वहाँ इस प्रकार की क्षमता अत्यंत आवश्यक है। यह केवल गति और कार्यकुशलता नहीं देता बल्कि विकिरण-सहनशीलता और दीर्घकालीन स्थिरता जैसे गुण भी समाहित करता है। अंतरिक्ष में प्रबल विकिरण, तापमान का उतार-चढ़ाव और कठोर परिस्थितियाँ होती हैं

जिनका सामना सामान्य माइक्रोप्रोसेसर नहीं कर सकते। इसलिए इस प्रकार का अंतरिक्ष-योग्य माइक्रोप्रोसेसर ही मिशनों की सफलता का आधार बन सकता है। इस उपलब्धि का एक और महत्वपूर्ण पहलू यह है कि इसके लिए आवश्यक रूपांकन, निर्माण और परीक्षण की सम्पूर्ण प्रक्रिया भारत में ही सम्पन्न की गई है। इसका अर्थ यह हुआ कि भारत अब केवल प्रौद्योगिकी का उपभोक्ता नहीं बल्कि उसका सर्जक भी है। सूक्ष्म-संगणक की यह अभिकल्पना केवल एक चिप का निर्माण नहीं है

# मानसून में कहर बरपाता प्रकृति का रौद्ररूप

(मनोज कुमार अग्रवाल)

इस बार का मानसून का सीजन उत्तर भारत में गंभीर प्राकृतिक आपदा बनकर कहर बरपा रहा है। आमतौर पर सूखे रहने वाले राजस्थान में भी रेतीले मैदान जलमग्न है उधर पंजाब, हिमाचल, उत्तराखंड, जम्मू-कश्मीर, हरियाणा, दिल्ली समेत उत्तर भारत में मूसलाधार बारिश भूस्खलन से आम जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है। पंजाब के पठानकोट, फिरोजपुर समेत 12 जिले एक हफ्ते से बाढ़ की चपेट में हैं। राज्य में 1,312 गांवों के 2.56 लाख से ज्यादा लोग बाढ़ से प्रभावित हैं। अब तक 29 लोगों की मौत हो गई है। हरियाणा में भी बारिश का कहर जारी है भिवानी, हिसार, सिरसा, यमुनानगर, कुरुक्षेत्र और पंचकूला में कुछ स्कूलों में छुट्टी कर दी गई है। गुरुग्राम के दफ्तरों में कर्मचारियों को वर्क फ्रॉम होम के आदेश जारी किए गए हैं। उधर, दिल्ली में यमुना नदी का पानी खतरे के निशान को पार करने के बाद ट्रांस-यमुना क्षेत्र की कई कॉलोनियों में घुस गया। सरकार ने यमुना बाजार, मयूर विहार और आसपास के इलाकों की कॉलोनियों में रहने वाले लोगों को अपना जरूरी सामान लेकर राहत शिविरों में जाने की अपील की है। उत्तर प्रदेश, पंजाब,राजस्थान,हरियाणा से लेकर हिमाचल, जम्मू-कश्मीर, उत्तराखंड में अतिवृष्टि से नदिया उफान पर हैं, तो पहाड़ ढह रहे हैं। बादल फटने, भूस्खलन की घटनाओं में सैकड़ों जान जा चुकी है। लगातार कई दिनों से हो रही मूसलाधार बारिश ने जम्मू क्षेत्र में तबाही मचा दी है। वैष्णो देवी मंदिर के मार्ग पर भूस्खलन में 39 लोगों की मौत हो गई है, ये आंकड़ा बढ़ भी सकता है, क्योंकि कई लोगों के बारे में अभी तक लापता होने की जानकारी दी जा रही है। प्रशासन के मुताबिक लगातार और भारी बारिश के कारण हुए भूस्खलन में कम से कम 20 लोग घायल हुए हैं, जिनका विभिन्न अस्पतालों में इलाज हो रहा है। गौरतलब है कि मंगलवार को दोपहर करीब 3 बजे भूस्खलन हुआ और पहाड़ की ढलान से पत्थर, शिलाखंड और चट्टानें एकदम से नीचे गिरने लगीं। इससे बेखबर लोग इसकी चपेट में आ गए। घटना के बाद वैष्णो देवी मंदिर की तीर्थयात्रा स्थगित कर दी गई। मंदिर तक जाने के दो मार्ग हैं, जिसमें हिमकोटि पैदल मार्ग पर सुबह से यात्रा स्थगित कर दी गई थी, जबकि पुराने मार्ग पर दोपहर डेढ़ बजे तक यात्रा जारी थी। अब भारी बारिश के अंदेशे के बीच यात्रा अगले आदेश तक स्थगित करने का फैसला किया गया है। हालांकि यही समझ पहले दिखाई गई होती तो शायद 39 लोग अकाल मौत न मरते। जब लगातार तेज बारिश हो रही थी तो यात्रा जारी रखने की लापरवाही क्यों बरती गई। पहाड़ी इलाकों में बारिश का कहर लगातार बरप रहा है, फिर भी सरकार इस तरफ से सचेत क्यों नहीं हो रही, यह समझ से परे हैं। इससे पहले 14 अगस्त को किश्तवाड़ जिले के मचैल माता मंदिर के रास्ते में पड़ने वाले आखिरी गांव चशोती में बादल फटने के कारण अचानक बाढ़ आ गई, जिसमें कम से कम 65 लोगों की मौत हो गई और भीषण तबाही का मंजर सामने आया। मरने वालों में ज्यादातर तीर्थयात्री थे। इस प्राकृतिक आपदा में 100 से अधिक लोग घायल हो गए तथा 32 लोग अब भी लापता हैं। जम्मू-कश्मीर के अलावा हिमाचल प्रदेश और पंजाब भी बाढ़ और भूस्खलन की चपेट में हैं। हिमाचल प्रदेश के मंडी जिले में पिछले महीने ही बाढ़ से काफी तबाही हुई थी। अब एक बार फिर हालात गंभीर हैं। भारी बारिश के कारण प्रदेश के 8 जिलों में सभी शिक्षण संस्थानों में छुट्टी कर दी गई है। वहीं व्यास नदी का जलस्तर अचानक इतना बढ़ गया कि यह नदी चंडीगढ़-मनाली नेशनल हाईवे पर बहने लगी। मनाली के बाहंग में कुछ दुकानें, घर और शेरे-ए-पंजाब होटल नदी में बह गए। फिलहाल नदियों का जलस्तर बढ़ने से मंडी, कांगड़ा, चंबा और कुल्लू में रेड अलर्ट जारी किया गया है। चंबा में मणिमहेश यात्रा भी रोक दी गई है लेकिन इससे पहले मणिमहेश यात्रा के दौरान ऑक्सीजन की कमी के चलते पंजाब के चार श्रद्धालुओं की मौत भी हो गई। वहीं मूसलाधार बारिश के बीच लाहौल- स्पीति, शिंकुला दर्रा, बारालाचा, खरदूंगला और रोहतांग जैसे ऊंचाई वाले इलाकों में सीजन की पहली बर्फबारी हुई है।

# 17 साल बाद अंडरवर्ल्ड डॉन अरुण गवली की मुंबई में वापसी, बॉलीवुड के डैडी को नागपुर जेल से रिहाई

**अपराध की दुनिया से राजनीतिक में आए अंडरवर्ल्ड डॉन अरुण गवली की मुंबई वापसी हो गई। सुप्रीम कोर्ट से जमानत मिलने के बाद बुधवार को नागपुर के सेंट्रल जेल से गवली को रिहा किया गया। गवली के जीवन पर बॉलीवुड में डैडी नाम से फिल्म भी बन चुकी है।**



भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मुंबईः करीब 17 साल बाद अंडरवर्ल्ड डॉन अरुण गवली उर्फ डैडी नागपुर सेंट्रल जेल से रिहा होकर मुंबई आ गया है। गवली के आने बाद दगड़ी चाल में मिठाईयां बांटी गईं। सुप्रीम कोर्ट ने हत्या के केस में गवली की जमानत मंजूर होने के बाद गवली की रिहाई हुई और वह मुंबई आ गया।। सोर्स बताते हैं कि गवली की रिहाई के दौरान नागपुर में उसके भाई और रिश्तेदार मौजूद थे। इस दौरान जेल परिसर के आसपास कड़ा बंदोबस्त लगाया गया था। जेल परिसर में एटीएस की टीम भी मौजूद थी। शिवसेना पार्षद कमलाकर जमसांदेकर की 2007 में हुई हत्या के मामले में गवली को मुंबई सेशन कोर्ट ने 2012 में उम्रकैद की सजा सुनाई थी, जिसके बाद वह नागपुर की जेल में उम्रकैद की सजा काट रहा था। गवली के बेटे का नाम महेश गवली है जबकि बेटी गीता गवली नगरसेविका रह चुकी हैं। अपराध से राजनीति तक का सफरसूत्रों के अनुसार, नागपुर सेंट्रल जेल में रहते हुए गवली ने धार्मिक गतिविधियों और अनुशासित जीवन को अपनाया था। जेल में रहते हुए गवली ने एकनाथी भागवत और अन्य ग्रंथों का अध्ययन किया। स्वास्थ्य से संबंधित नियमों का सख्ती से पालन किया। वहां गवली ने कई अन्य कैदियों के जीवन में भी सुधार लाने का प्रयास किया। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार, भायखला के सात रस्ता स्थित दगडी चाल में रहने वाले गवली मराठी समुदाय में काफी लोकप्रिय था।

# मुंबई-ठाणे के विकास को फडणवीस सरकार का 'पांच का पंच', मेट्रो-सड़क और ट्रेन समेत कई मेगा प्रोजेक्ट मंजूर

**महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने मुंबई में परेशानी का सबब बने मराठा आरक्षण आंदोलन का सुलझाने के बाद विकास का बूस्टर डोज दिया है। बुधवार को कैबिनेट ने मुंबई, ठाणे, पुणे और नागपुर के विकास को रफ्तार देने के लिए कैबिनेट ने लगाई 5 बड़ी परियोजनाओं को मंजूरी दी है। इसमें मेट्रो से लेकर एसी लोकल और रेलवे ट्रैक विस्तार जैसे प्रोजेक्ट शामिल हैं।**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



मुंबईः बीएमसी सहित अन्य स्थानीय निकाय चुनावों को करीब आते देख महायुति सरकार सक्रिय हो गई है। बुधवार को मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की अध्यक्ष में हुई मंत्रिमंडल की बैठक में मुंबई और ठाणे की बुनियादी सेवाओं को मजबूत करने के लिए कई सारे महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। मेट्रो से लेकर एसी लोकल और रेलवे ट्रैक विस्तार तक की कई सारी परियोजनाओं को हरी झंडी दी। संजय गांधी निराधार योजना और श्रावणबाल सेवा राज्य निवृत्ती वेतन योजना के तहत दिव्यांग लाभार्थियों की आर्थिक सहायता में 1 हजार रुपए की वृद्धि को मंजूरी प्रदान की गई। थर्मल पावर प्लांट की राख के उपयोग की नीति मंजूर, एसटी वर्ग के छात्रों की छात्रवृत्ति योजना, बांद्रा (पूर्व) में हाईकोर्ट के नए कांप्लेक्स के निर्माण के प्रस्ताव को मंजूर किया है ।गेटवे ऑफ इंडिया तक मेट्रोबुधवार को मंत्रिमंडल की बैठक में वडाला से गेटवे ऑफ इंडिया मेट्रो के लिए 23,487.51 करोड़ रुपये के प्रावधान को समहति दी। कैबिनेट ने ठाणे सर्कुलर मेट्रो, पुणे की मेट्रो-2 और मेट्रो-4, तथा नागपुर मेट्रो फेज-2 को वित्तीय संस्थानों से कर्ज लेने की अनुमति दी गई। इन परियोजनाओं को मंजूर की गई सीमा के भीतर द्विपक्षीय, बहुपक्षीय वित्तीय संस्थाओं या अन्य संस्थानों के माध्यम से सुविधाजनक ब्याज दर पर कर्ज उपलब्ध कराया जा सकेगा। एमयूटीपी 3 और 3-ए के तहत 238 एसी लोकल ट्रेनों की खरीद के लिए 4,826 करोड़ रुपये की निधि रेलवे बोर्ड व राज्य सरकार के हिस्से से देने को मंजूरी दी गई। इसमें राज्य सरकार का 50% यानी 2,413 करोड़ रुपये का हिस्सा रहेगा। इसके लिए केंद्र सरकार के रेलवे बोर्ड की मंजूरी ली जाएगी। एमयूटीपी 3 बी के अंतर्गत मुंबई रेलवे विकास महामंडल की तरफ से प्रस्तावित 136 लंबे रेलवे ट्रैक को बनाने के लिए 14,907. 47 करोड़ रुपये की लागत वाले प्रोजेक्ट्स को मंजूरी दी गई।

## ठाणे-नवी मुंबई एयरपोर्ट तक एलीवेटेड रोड

ठाणे से नवी मुंबई एयरपोर्ट तक एलिवेटेड रोड बनाने के लिए 6,363 रुपये खर्च करने के प्रस्ताव को मंत्रिमंडल ने मंजूर किया है। पुणे से लोनावाला के बीच तीसरी और चौथी उपनगरीय रेलवे लाइन बनाने के प्रस्ताव को मंत्रिमंडल बैठक में मंजूरी दी गई। इसकी कुल लंबाई 63.87 किमी होगी

फास्ट ट्रैक

# पश्चिम रेलवे के सांताक्रुज एवं गोरेगाँव स्टेशनों के बीच रविवार,07 सितम्बर, 2025 को जम्बो ब्लॉक

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मुंबई, पश्चिम रेलवे द्वारा ट्रैक, सिगनलिंग तथा ओवर हेड उपस्करों के रख-रखाव हेतु रविवार, 07 सितम्बर, 2025 को सांताक्रुज एवं गोरेगाँव स्टेशनों के बीच 10.00 बजे से 15.00 बजे तक अप तथा डाउन फास्ट लाइनों पर पाँच घंटे का जम्बो ब्लॉक लिया जायेगा। पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी श्री विनीत अभिषेक द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार इस ब्लॉक अवधि के दौरान सभी फास्ट लाइन की उपनगरीय ट्रेनों को गोरेगांव एवं सांताक्रुज स्टेशनों के बीच धीमी लाइन पर चलाया जायेगा। ब्लॉक के दौरान कुछ उपनगरीय ट्रेनें निरस्त रहेंगी और कुछ अंधेरी एवं बोरीवली ट्रेनों को गोरेगाँव तक हार्बर लाइन पर चलाया जाएगा। इस सम्बंध में विस्तृत जानकारी सभी स्टेशनों के स्टेशन मास्टरों के पास उपलब्ध है।

# धार्मिक सौहार्द बनाए रखने के लिए एमबीवीवी पुलिस की सख्त निषेधाज्ञा

**विसर्जन के बाद प्रतिमाओं की तस्वीरें लेने पर रोक, उल्लंघन पर होगी कार्रवाई**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

गणेश उत्सव के पारंपरिक जल विसर्जन के अवसर पर धार्मिक भावनाओं की रक्षा और सार्वजनिक शांति बनाए रखने के लिए, पुलिस उपायुक्त (मुख्यालय) अशोक विरकर ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 163 के तहत एक महत्वपूर्ण निषेधाज्ञा जारी की है। यह आदेश 03 सितंबर 2025 की मध्यरात्रि 00:01 बजे से 15 सितंबर 2025 की मध्यरात्रि 24:00 बजे तक प्रभावी रहेगा। पुलिस उपायुक्त अशोक विरकर ने बताया कि यह कदम गणेश उत्सव के दौरान सामाजिक सौहार्द और शांति सुनिश्चित करने के लिए उठाया गया है। आदेश का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता, 2023 की धारा 223 के तहत कड़ी कार्रवाई की जाएगी आदेश के अनुसार, कोई भी व्यक्ति कृत्रिम झीलों, प्राकृतिक झीलों, खाड़ियों, या समुद्र में विसर्जन के बाद तैरती या अर्ध-तैरती गणेश प्रतिमाओं की तस्वीरें या वीडियो नहीं लेगा। साथ ही, ऐसी तस्वीरें या वीडियो सोशल मीडिया पर प्रकाशित या प्रसारित करने पर भी पूर्ण प्रतिबंध रहेगा, क्योंकि इससे धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंच सकती है और सार्वजनिक शांति भंग हो सकती है। यह प्रतिबंध कृत्रिम झीलों की सफाई, प्रतिमाओं के संग्रहण, परिवहन, और प्रबंधन के दौरान भी लागू होगा। यह आदेश सार्वजनिक स्थानों पर प्रदर्शित किया जा रहा है और स्थानीय समाचार पत्रों में भी प्रकाशित किया जाएगा। चूंकि प्रत्येक प्रभावित व्यक्ति को व्यक्तिगत नोटिस देना संभव नहीं था, इसलिए यह आदेश एकतरफा जारी किया गया है। पुलिस प्रशासन ने नागरिकों से इस आदेश का पालन करने और उत्सव को शांतिपूर्ण ढंग से मनाने में सहयोग करने की अपील की है। यह कदम गणेश उत्सव के पवित्र माहौल को बनाए रखने और सामुदायिक एकता को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

# सात ट्रेनों का विभिन्न स्टेशनों पर अतिरिक्त ठहराव

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

पश्चिम रेलवे द्वारा यात्रियों की सुविधा के लिए सात ट्रेनों का विभिन्न स्टेशनों पर अतिरिक्त ठहराव प्रदान करने का निर्णय लिया गया है।

मुंबई, पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी श्री विनीत अभिषेक द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, इन ट्रेनों का विवरण निम्नानुसार हैंः

1. 03 सितंबर, 2025 को बांद्रा टर्मिनस से यात्रा प्रारंभ करने वाली ट्रेन संख्या 12216 बांद्रा टर्मिनस-दिल्ली सराय रोहिल्ला सुपरफास्ट गरीब रथ एक्सप्रेस महेसाणा स्टेशन पर रुकेगी। यह ट्रेन 20:42 बजे महेसाणा स्टेशन पहुँचेगी और 20:44 बजे प्रस्थान करेगी। इसी प्रकार, 04 सितंबर, 2025 को दिल्ली सराय रोहिल्ला से यात्रा प्रारंभ करने वाली ट्रेन संख्या 12215 दिल्ली सराय रोहिल्ला-बांद्रा टर्मिनस सुपरफास्ट गरीब रथ एक्सप्रेस महेसाणा स्टेशन पर रुकेगी। यह ट्रेन 22:05 बजे महेसाणा स्टेशन पहुँचेगी और 22:07 बजे प्रस्थान करेगी।
2. 08 सितंबर, 2025 को बांद्रा टर्मिनस से यात्रा प्रारंभ करने वाली ट्रेन संख्या 22915 बांद्रा टर्मिनस-हिसार सुपरफास्ट एक्सप्रेस (साप्ताहिक) सिद्धपुर स्टेशन पर रुकेगी। यह ट्रेन सिद्धपुर स्टेशन पर 21:23 बजे पहुंचेगी और 21:25 बजे प्रस्थान करेगी।
3. 8 सितंबर, 2025 को गांधीधाम से यात्रा प्रारंभ करने वाली ट्रेन संख्या 20935 गांधीधाम-इंदौर सुपरफास्ट एक्सप्रेस (साप्ताहिक) सामाख?याली स्टेशन पर रुकेगी। यह ट्रेन 19:10 बजे सामाख?याली स्टेशन पहुँचेगी और 19:12 बजे प्रस्थान करेगी। इसी प्रकार, 7 सितंबर, 2025 को इंदौर से यात्रा प्रारंभ करने वाली ट्रेन संख्या 20936 इंदौर-गांधीधाम सुपरफास्ट एक्सप्रेस (साप्ताहिक) सामाख्याली स्टेशन पर रुकेगी। यह ट्रेन 12:40 बजे सामाख?याली स्टेशन पहुँचेगी और 12:42 बजे प्रस्थान करेगी।
4. 06 सितंबर, 2025 को इंदौर से यात्रा प्रारंभ करने वाली ट्रेन संख्या 14802 इंदौर-जोधपुर एक्सप्रेस गौतमपुरा रोड स्टेशन पर रुकेगी। यह ट्रेन गौतमपुरा रोड स्टेशन पर 05:17 बजे पहुँचेगी और 05:19 बजे प्रस्थान करेगी। इसी प्रकार, 05 सितंबर, 2025 को जोधपुर से यात्रा प्रारंभ करने वाली ट्रेन संख्या 14801 जोधपुर-इंदौर एक्सप्रेस गौतमपुरा रोड स्टेशन पर रुकेगी। यह ट्रेन गौतमपुरा रोड स्टेशन पर रात 21:50 बजे पहुँचेगी और 21:52 बजे प्रस्थान करेगी।
5. 7 सितंबर, 2025 को बेंगलुरु से यात्रा प्रारंभ करने वाली ट्रेन संख्या 16534 बेंगलुरुझभगत की कोठी एक्सप्रेस (साप्ताहिक) महेसाणा स्टेशन पर रुकेगी। यह ट्रेन महेसाणा स्टेशन पर 06:50 बजे पहुँचेगी और 06:52 बजे प्रस्थान करेगी। इसी प्रकार, 10 सितंबर, 2025 को भगत की कोठी से यात्रा प्रारंभ करने वाली ट्रेन संख्या 16533 भगत की कोठीझबेंगलुरु एक्सप्रेस (साप्ताहिक) महेसाणा स्टेशन पर रुकेगी। यह ट्रेन महेसाणा स्टेशन पर 12:22 बजे पहुँचेगी और 12:24 बजे प्रस्थान करेगी।
6. 06 सितंबर, 2025 को तिरुवनंतपुरम से यात्रा प्रारंभ करने वाली ट्रेन संख्या 16312 तिरुवनंतपुरमझश्री गंगानगर एक्सप्रेस (साप्ताहिक) महेसाणा स्टेशन पर रुकेगी। यह ट्रेन महेसाणा स्टेशन पर 08:38 बजे पहुँचेगी और 08:40 बजे प्रस्थान करेगी। इसी प्रकार, 09 सितंबर, 2025 को श्री गंगानगर से यात्रा प्रारंभ करने वाली ट्रेन संख्या 16311 श्री गंगानगरझतिरुवनंतपुरम एक्सप्रेस (साप्ताहिक) महेसाणा स्टेशन पर रुकेगी। यह ट्रेन महेसाणा स्टेशन पर 05:45 बजे पहुँचेगी और 05:47 बजे प्रस्थान करेगी।
7. 04 सितंबर, 2025 को बरेली से यात्रा प्रारंभ करने वाली ट्रेन संख्या 14311 बरेलीझभुज आला हजरत एक्सप्रेस (त्रि-साप्ताहिक) मालिया मियाना स्टेशन पर रुकेगी। यह ट्रेन मालिया मियाना स्टेशन पर 06:43 बजे पहुंचेगी और 06:45 बजे प्रस्थान करेगी ।ट्रेनों के ठहराव, संरचना और समय के बारे में विस्तृत जानकारी के लिए यात्री कृपया www.enquiry.indianrail. gov.in पर जाकर अवलोकन कर सकते हैं।

# रेलवे स्वास्थ्य सेवा के महानिदेशक द्वारा जगजीवन राम अस्पताल में अत्याधुनिक सीटी और एमआरआई स्कैन केंद्र का उद्घाटन

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



मुंबई, रेलवे बोर्ड के रेलवे स्वास्थ्य सेवा महानिदेशक डॉ. जगदीश चंद्र ने 04 सितंबर, 2025 को पश्चिम रेलवे के जगजीवन राम अस्पताल (खफल), मुंबई का दौरा किया। इस अवसर पर डॉ. जगदीश चंद्र ने अस्पताल परिसर में अत्याधुनिक सीटी और एमआरआई स्कैन केंद्र का उद्घाटन किया। इस अवसर पर पश्चिम रेलवे के महाप्रबंधक श्री विवेक कुमार गुप्ता, पश्चिम रेलवे की प्रमुख मुख्य चिकित्सा निदेशक डॉ. कोंडा अनुराधा, चिकित्सा निदेशक/जेआरएच डॉ. ममता शर्मा सहित पश्चिम रेलवे के वरिष्ठ चिकित्सक, अधिकारी और यूनियन प्रतिनिधि भी उपस्थित थे। पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी श्री विनीत अभिषेक द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, पश्चिम रेलवे, अस्पताल स्थित नया सीटी एवं एमआरआई केंद्र उन्नत चिकित्सा इमेजिंग सुविधाओं से सुसज्जित है, जो रोगियों की सुविधा और नैदानिक ??दक्षता के लिए डिजाइन की गई हैं। उन्नत 3ळ एमआरआई मशीन तेज स्कैन समय के साथ बेहतर सटीकता प्रदान करती है, जबकि 128-स्लाइस सीटी स्कैनर कम विकिरण जोखिम के साथ उच्च-रिजॉल्यूशन वाली तस्वीरें प्रदान करता है, जिससे रोगी सुरक्षा सुनिश्चित होती है। यह सुविधा एस्काग संजीवनी प्राइवेट लिमिटेड, कोलकाता के साथ एक सार्वजनिक-निजी भागीदारी (स्थापना, संचालन, रखरखाव और सेवाएँ प्रदान करना) के तहत स्थापित की गई है। उद्घाटन के बाद डॉ. जगदीश चंद्रा ने कर्मचारियों से बातचीत की, सार्वजनिक-निजी भागीदारी परियोजना के तहत निर्मित सुविधाओं की समीक्षा की और स्वास्थ्य सेवाओं को और बेहतर बनाने के लिए बहुमूल्य मार्गदर्शन प्रदान किया। पश्चिम रेलवे के महाप्रबंधक श्री विवेक कुमार गुप्ता ने परियोजना के समय पर पूरा होने पर संतोष व्यक्त किया और रेलवे लाभार्थियों के लाभ के लिए उन्नत नैदानिक तकनीक लाने के लिए पूरी टीम को बधाई दी। रेल मंत्रालय के अधीन पश्चिम रेलवे का एक क्षेत्रीय अस्पताल, जगजीवन राम अस्पताल , 361 बिस्तरों की क्षमता वाला एक प्रमुख तृतीयक स्तर का रेफरल अस्पताल है। यह बुनियादी विशेषज्ञताओं और सुपर-स्पेशलिटी विषयों में व्यापक चिकित्सा देखभाल प्रदान करता है, जिसमें कार्डियोलॉजी, कार्डियोवैस्कुलर थोरेसिक सर्जरी, न्यूरोसर्जरी, संयुक्त प्रतिस्थापन सर्जरी, गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल सर्जरी, यूरोलॉजी, रीनल डायलिसिस, ऑन्कोसर्जरी, कॉर्नियल ट्रांसप्लांटेशन और बहुत कुछ शामिल है। नवनिर्मित सीटी एवं एमआरआई केंद्र, सटीक निदान इमेजिंग प्रदान करने, विभिन्न प्रकार की चिकित्सीय स्थितियों में उपचार योजना बनाने और निगरानी में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। कुशल पेशेवरों और आधुनिक तकनीक के साथ, यह सुविधा रोगी देखभाल को महत्वपूर्ण रूप से सुदृढ़ करेगी और हजारों रेलवे कर्मचारियों, उनके परिवारों, साथ ही आसपास के क्षेत्रों के रोगियों को लाभान्वित करेगी।

# ऑपरेशन नार्कोस के अंतर्गत भुसावल में 03 आरोपी 42.280 किग्रा गांजा सहित गिरफ्तार

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

भुसावल रेल मंडल में रेलवे सुरक्षा बल को नशे के अवैध कारोबार के खिलाफ बड़ी सफलता हाथ लगी है। दिनांक 02.09.2025 को सीआईबी भुसावल को प्राप्त गुप्त सूचना के आधार पर ट्रेन संख्या 12994 अप गांधीधाम एक्सप्रेस के स्लीपर कोच में गांजा तस्करी की जानकारी मिली। वरिष्ठ सुरक्षा आयुक्त के समन्वय पर डॉग स्क्वॉड (श्वान वीरू) की मांग कर आरपीएफ, जीआरपी एवं डॉग स्क्वॉड की संयुक्त टीम गठित कर भुसावल स्टेशन पर गहन चेकिंग की गई। चेकिंग के दौरान प्रारंभिक स्तर पर कोई संदिग्ध न मिलने पर टीम ने ट्रेन को जलगांव तक जांचा। जांच के दौरान कोच र-5 में 03 संदिग्ध व्यक्तियों को बैग सहित पकड़ा गया। पूछताछ में संतोषजनक जवाब न मिलने पर बैग खोलकर जांच की गई, जिसमें खाकी टेप से पैक 21 पैकेट बरामद हुए। आगे की कार्रवाई हेतु तीनों व्यक्तियों को जलगांव स्टेशन पर उतारा गया। वहां आरपीएफ जलगांव स्टाफ की उपस्थिति में बैग का वजन करने पर कुल 42.280 किलोग्राम गांजा (अनुमानित कीमत ?8,45,600/-) एवं 03 मोबाइल फोन (मूल्य लगभग ?35,000/-) जब्त किए गए।

गिरफ्तार आरोपियों की पहचान इस प्रकार है

नलूमालु जसवंत डोरा, उम्र 25 वर्ष, निवासी भोलाभांजा, जिला गंजम, उड़ीसा। विप्र प्रकाश विद्याधर सेठी, उम्र 19 वर्ष, निवासी गोपालपुर, तहसील कोंडाला, जिला गंजम, उड़ीसा। अलक सुभाषचंद्र बारीक, उम्र 25 वर्ष, निवासी धनंजयपुर, तहसील कोंडाला, जिला गंजम, उड़ीसा। जब्ती की कार्रवाई पंचों एवं राजपत्रित अधिकारी सहायक सुरक्षा आयुक्त की उपस्थिति में सहायक पुलिस निरीक्षक जीआरपी द्वारा की गई। तत्पश्चात जीआरपी भुसावल ने तीनों आरोपियों के विरुद्ध एनडीपीएस अधिनियम के अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध किया है। उक्त प्रकरण की आगे की जांच जीआरपी पुलिस निरीक्षक द्वारा की जा रही है। यह सफलता रेलवे सुरक्षा बल एवं जीआरपी की सतर्कता तथा समन्वित प्रयासों का परिणाम है। नशा तस्करी जैसी समाजविरोधी गतिविधियों के खिलाफ रेलवे प्रशासन की यह बड़ी कार्रवाई है, जो भविष्य में भी इसी दृढ़ संकल्प के साथ जारी रहेगी।

# जबलपुर-श्री माता वैष्णो देवी कटरा-जबलपुर एक्सप्रेस की सेवा रहेगी बहाल

जबलपुर ।रेल प्रशासन द्वारा उत्तर रेलवे के जम्मू मंडल के कठुआ माधोपुर पंजाब रेलखंड में डाउन लाइन पर यातायात निलंबित के चलते पश्चिम मध्य रेल से प्रारम्भ/टर्मिनेट होने वाली ट्रेन जबलपुर-श्री माता वैष्णो देवी कटरा-जबलपुर एक्सप्रेस को निरस्त करने का निर्णय लिया गया था। अब निरस्त ट्रेन जबलपुर-श्री माता वैष्णो देवी कटरा-जबलपुर एक्सप्रेस की सेवा बहाल रहेगी। यानि अपने नियमित समय-सारणी के अनुसार गंतव्य तक चलती रहेंगी। गाड़ी सांख्य 11449 जबलपुर-श्री माता वैष्णो देवी कटरा एक्सप्रेस अपने प्रारंभिक स्टेशन जबलपुर से दिनाँक 02, 09, 16, 23 एवं 30 सितम्बर 2025 को पाँच ट्रिप निरस्त करने का निर्णय लिया गया था। अब यह ट्रेन दिनाँक 09 सितम्बर 2025 से आगे की निरस्त दिनांकों तक अपने निर्धारित समय-सारिणी के अनुसार चलती रहेगी इसी प्रकार गाड़ी सांख्य 11450 श्री माता वैष्णो देवी कटरा-जबलपुर एक्सप्रेस अपने प्रारंभिक स्टेशन श्री माता वैष्णो देवी कटरा से दिनाँक 03, 10, 17, 24 सितम्बर एवं 01 अक्टूबर 2025 को पाँच ट्रिप निरस्त करने का निर्णय लिया गया था। अब यह ट्रेन दिनाँक 10 सितम्बर 2025 से आगे की निरस्त दिनांकों तक अपने निर्धारित समय-सारिणी के अनुसार चलती रहेगी ।यात्रियों से अनुरोध है कि ट्रेन की उचित स्थिति की जानकारी स्टेशन, एनटीईएस, रेल मदद 139 अथवा ऑनलाइन प्राप्त कर यात्रा करें।

## महिला बोली- हम शादी करके बहुत खुश, परिवार ने बिगाड़िए, बॉम्बे हाई कोर्ट ने रेप केस किया रद्द

मुंबई : बॉम्बे हाई कोर्ट ने रेप केस में एक दिलचस्प फैसला सुनाया है। आरोपी पर लगे पॉक्सो केस की कार्यवाही को रद्द कर दिया। पॉक्सो कोर्ट ने आरोपी को रेप का दोषी मानते हुए सजा सुनाई थी लेकिन हाई कोर्ट ने उसे बरी कर दिया। यह सब तब हुा, जब 19 साल की शिकायतकर्ता लड़की ने कोर्ट में युवक के पक्ष में बयान दिया।

**पश्चिम रेलवे**

**पिट लाइनों का विस्तार**

सीनियर डीईएन (दक्षिण) मुंबई सेंट्रल, ई-निविदा सूचना संख्या: बीसीटी/25-26/197 दिनांक 01.09.2025 आमंत्रित करता है। कार्य और स्थान: मुंबई सेंट्रल (सीएफओ यार्ड) - कवरशेड (60 मीटर तक) और संबद्ध सुविधाओं सहित पिट लाइन संख्या 5 और 6 का विस्तार। कार्य की अनुमानित लागत: 96,29,064.97/-ईएमडी: 1,92,600/-। जमा करने की तिथि और समय: 26.09.2025, 15:00 बजे तक। खुलने की तिथि और समय: 26.09.2025 को 15:30 बजे। अधिक जानकारी के लिए कृपया हमारी वेबसाइट देखें। www.ireps.gov.in 0559

Like us on: facebook.com/WesternRly

**पश्चिम रेलवे**

**अधिकारियों के कक्षों की मरम्मत**

मंडल रेल प्रबंधक (डब्ल्यूए), पश्चिम रेलवे, छठी मंजिल, इंजीनियरिंग विभाग, मुंबई सेंट्रल, मुंबई-400008~ ई-निविदा सूचना संख्या: BCT/25-26/208 दिनांक 02/09/2025 आमंत्रित। कार्य एवं स्थान: चर्चगेट - जीएलओ एवं स्टेशन भवन - अधिकारी कक्षों एवं विभिन्न अनुभागों की मरम्मत। कार्य की अनुमानित लागत: 5,21,62,762.05~ ईएमडी: 4,10,800/-. जमा करने की तिथि एवं समय: 26.09.2025, 15:00 बजे तक। खुलने की तिथि एवं समय: 26.09.2025 को 15:30 बजे। अधिक जानकारी के लिए कृपया हमारी वेबसाइट देखें। www.ireps.gov.in 0564

Like us on: facebook.com/WesternRly

**मध्य रेल**

**सोलापुर मंडल**

**TRANSPORTATION OF P.WAY MATERIALS & FITTINGS**

मंडल रेल प्रबंधक (कार्य) सोलापुर, भारत के राष्ट्रपति के लिये और उनकी और से निम्नलिखित कार्यों के लिये ई-निविदाये आमंत्रित करते है। **निविदा क्र: 24-2025-SrDENS, दिनांक 03.09.2025. कार्य का नाम**: Transportation of P.Way materials & fittings from other division, transportation of various types of sleepers from sleeper factories to Solapur division and within Solapur division under SSE/P.Way/Store Solapur for two years. **अनुमानित लागत**: रु.6,35,77,263.81. **बयाना रक्कम**: रु.4,67,900/-. **समापन की अवधी**: 24 Months. **अनुरक्षण की अवधी**: NA. **www.ireps.gov.in इस वेब साईट पर टेंडर अपलोड करने कि अंतिम दिनांक और समय: 25.09.2025 को 15.00 बजे तक। www.ireps.gov.in इस वेब साईट पर टेंडर खुलने का दिनांक और समय: 25.09.2025 को 15.30 बजे।** निविदाकारोंसे निवेदन है की कोई बदलाव / शुद्धिपत्र (यदि हो) के लिये Website: **www.ireps.gov.in** पर टेंडर बंद होने की तारीख तक समय समय पर भेंट दे।

**मंडल रेल प्रबंधक (कार्य), मध्य रेल, सोलापुर**

**DE/Sur-61**

खतरनाक व विस्फोटक सामान के साथ यात्रा करना दंडनीय अपराध है

**मध्य रेल**

**जंपर वायर से बदलना**

**खुली निविदा सूचना स. BB.LD.583.P. Rev.25/12.Cont, दिनांक:01.09.2025. कार्य का नाम:** मुंबई डिवीजन के पनवेल जिले में छोटे आकार के आइसोलेटर जंपरों को 160 वर्ग मिमी के जंपरों से बदलना और 105 वर्ग मिमी के 'G' जंपर वायर को 160 वर्ग मिमी के जंपर वायर से बदलना। **अनुमानित लागत**: रु. 1,49,82,450/-. **बिड सिक्योरिटी**: रु. 2,24,900/-. **ऑफर की वैधता**: 60 दिन। **समापन अवधि**: 12 महीने। **निविदा फार्म का मूल्य**: रु. 0/- . **I) उक्त निविदा का निविदा बंद करने की तारीख और समय: दिनांक 24.09.2025 को 11:00 बजे तक, और 11:00 बजे के बाद खोला जाएगा। II)** शुध्दिपत्रक के विवरण हेतुं अग्रदर्शी निविदाओं के लिए वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर भेट देने का अनुरोध है। **III)** केवल वेबसाइट **www.ireps.gov.in** के माध्यम से उपर्युक्त इलेक्टॉनिकलि ई-टेन्डर में निविदाधारक सहभाग ले सकते है और ई-टेन्डर के अलावा हस्तचलित प्रस्तुत करने का निवेदन देने की अनुमति नही है। हस्तचलित रूप से, यदि निविदा खुलने के बाद की प्रस्तुति का विचार नही किया जाएगा। **IV)** निविदा दस्तावेज में दिए गए विवरण के अनुसार बिड सिक्योरिटी का भुगतान किया जाना चाहिए। **V)** अतिरिक्त जानकारी के लिए संपर्क: वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (कर्षण वितरण), दूसरी मंजील, एनेक्स भवन, सीएसएमटी मुंबई - 400001. फोन-022-22612355. निवीदाओं संबंधी संपूर्ण विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदा संबधी संपूर्ण विवरण वरिष्ठ मंडल विदयुत अभियंता (कर्षण (वितरण), दूसरी मंजील, एनेक्स भवन, सीएसएम टी मुंबई - 400001 के "नोटिस बोर्ड" पर भी उपलब्ध है।

**DE-423**

खतरनाक व विस्फोटक सामान के साथ यात्रा करना दंडनीय अपराध है

**पश्चिम रेलवे**

**समग्र पेंट्री उपकरणों का प्रावधान**

मुख्य विद्युत अभियंता (पश्चिम), पश्चिम रेलवे कैरिज मरम्मत कारखाना, एन.एम. जोशी मार्ग, लोअर परेल, मुंबई - 400 013, ई-निविदा आमंत्रित करता है। सूचना क्रमांक: EL/WA/PL/2024-25/47R1 दिनांक: 02.09.2025. कार्य का नाम: पुराने कम्पोजिट पेंट्री उपकरणों की स्ट्रिपिंग के साथ कम्पोजिट पेंट्री उपकरणों का प्रावधान और कार्य के दायरे और दरों की अनुसूची के अनुसार कैरिज मरम्मत कारखाना में एलएचबी राजधानी कोच पर नए कम्पोजिट पेंट्री का डिजाइन, आपूर्ति, फिटमेंट, परीक्षण और कमीशनिंग। कार्य की अनुमानित लागत:64,22,436.44. ईएमडी: 1,28,500/-~ निविदा जमा करने की अंतिम तिथि और समय: 25.09.2025, 12:00 बजे तक। निविदा खोलने की तिथि: 25.09.2025 अधिक जानकारी वेः लिए वृःपया हमारी वेबसाइट देखें www.ireps.gov.in 0563

Like us on: facebook.com/WesternRly

**पश्चिम रेलवे - राजकोट मंडल**

**निविदा सूचना संख्या: DRM/RJT/E-Tender/2025-2026/24 (EL) दिनांक: 01.09.2025**

**आईओटी आधारित इंटेलिजेंट फील्ड डिवाइस**

**निविदा संख्या: DRM/RJT/EL/2025-2026/24**

**कार्य का नाम:** राजकोट मंडल: स्ट्रीट लाइट, लिफ्ट, एस्केलेटर, सबस्टेशन, प्लेटफ़ॉर्म लाइटिंग (30-70% कॉन्सेप्ट) और पंप ऑटोमेशन के लिए आईओटी आधारित इंटेलिजेंट फील्ड डिवाइस। (आईआरएनआईएएनटीआरएसी) चरण।।

**लगभग लागत:** ₹ 7,45,26,212.80

**ब्याज राशि:** ₹ 5,22,600/-

**ऑनलाइन आवेदन की तिथि एवं समय:** 01.10.2025 को 15.00 बजे तक

**कार्यालय का पता:** मंडल रेल प्रबंधक (विद्युत), पश्चिम रेलवे, कोठी कंपाउंड, राजकोट - 360001

**वेबसाइट विवरण:** www.ireps.gov.in RJT 108

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly • हमें फॉलो करें: twitter.com/WesternRly

# बइरबी सायरंग रेल परियोजना से मिजोरम को पहली बार राष्ट्रीय रेल नेटवर्क से जोड़ने का ऐतिहासिक कार्य संपन्न

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

जबलपुर । भारतीय रेलवे के इतिहास में एक स्वर्णिम अध्याय जुड़ गया है। 10 जून 2025 को हरतकी से सायरंग तक अंतिम रेल खंड के चालू होने के साथ ही बइरबीझसायरंग नई रेल परियोजना पूर्ण हो गई। इसके साथ ही मिजोरम की राजधानी आइजोल पहली बार भारतीय रेल नेटवर्क से जुड़ गया। यह महत्वाकांक्षी परियोजना 29 नवम्बर 2014 को माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा रखी गई आधारशिला से आरंभ हुई थी। वर्ष 2016 में बइरबी तक मालगाड़ी पहुँचने के बाद, अब 51.38 किलोमीटर लंबी पूरी लाइन को चालू कर दिया गया है। इस परियोजना की कुल लागत लगभग 8071 करोड़ रुपये रही।

## परियोजना की तकनीकी विशेषताएँ

यह रेल मार्ग कोलासिब और आइजोल जिलों से होकर गुजरती है और 100 किलोमीटर प्रति घंटे की गति क्षमता के अनुरूप तैयार किया गया है।

इसमें कुल चार स्टेशन हरतकी, कॉनपुई, मुअलखांग एवं सायरंग निर्माण किए गए हैं। इस रेल मार्ग में 153 पुलों का निर्माण किया गया है। जिनमें 55 बड़े पुल, 88 छोटे पुल और 10 आरओबी/आरयूबी शामिल है। साथ ही 45 सुरंगें बनाई गई हैं।

कुल 11.78 किलोमीटर लंबाई पुलों से और 15.885 किलोमीटर लंबाई सुरंगों से होकर गुजरती है।

सबसे लंबी सुरंग 1.868 किलोमीटर की है और सभी सुरंगों में आधुनिक बलास्ट रहित पटरियाँ बिछाई गई हैं।

सांस्कृतिक दृष्टि से समृद्ध बनाने हेतु सुरंगों की दीवारों पर मिजोरम की लोक संस्कृति, पहनावे, त्यौहारों और जैव विविधता को दर्शाते भित्तिचित्र बनाए गए हैं।

## चुनौतियों पर विजय

यह परियोजना कठिन भौगोलिक परिस्थितियों और प्रतिकूल मौसम के बावजूद पूरी की गई। अप्रैल से अक्टूबर तक चलने वाले भारी मानसून, बार-बार होने वाले भूस्खलन और निर्माण सामग्री की दूर-दराज से आपूर्ति जैसी चुनौतियों का सफलतापूर्वक सामना किया गया। कठिन पहाड़ी इलाकों और कमजोर चट्टानों के बीच 65 मीटर तक गहरी कटाई करके सुरक्षित ट्रैक बिछाया गया।

## परियोजना से लाभ

इस परियोजना से मिजोरम की राजधानी आइजोल सहित पूरे क्षेत्र को अनेक लाभ होंगे।

सड़क मार्ग की तुलना में यात्रा समय सात घंटे से घटकर मात्र तीन घंटे हो जाएगा।

शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के अवसरों तक पहुँच आसान होगी।

माल परिवहन की लागत में कमी से आवश्यक वस्तुओं की कीमतों में गिरावट आएगी और स्थानीय बाजारों को गति मिलेगी।

वन आधारित उत्पादों, हस्तशिल्प और बागवानी के सामान को देश के अन्य हिस्सों तक पहुँचाना सरल होगा।

प्रमुख स्टेशनों पर बने गुड्स शेड क्षेत्र में व्यापार और रोजगार के अवसर बढ़ाएँगे।

## पर्यटन को बढ़ावा

आईआरसीटीसी ने अगस्त 2025 में मिजोरम सरकार के साथ पर्यटन संवर्धन हेतु दो वर्षीय समझौता किया है। इसके तहत ह्णगुवाहाटी से आगे पूर्वोत्तर की खोजह्व विशेष पर्यटक ट्रेन में आइजोल को एक प्रमुख गंतव्य बनाया जाएगा। इससे स्थानीय आतिथ्य, गाइडिंग, होटल उद्योग, हस्तशिल्प और वस्त्र व्यवसायों को नई ऊर्जा मिलेगी।

बइरबी सायरंग रेल परियोजना केवल एक रेल लाइन नहीं, बल्कि मिजोरम के सामाजिक-आर्थिक विकास की नई जीवनरेखा है। यह परियोजना पूर्वोत्तर भारत को मुख्यधारा के साथ और मजबूती से जोड़ते हुए क्षेत्रीय संतुलन और राष्ट्रीय एकीकरण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित होगी।

# भाजपा किसान मोर्चा का स्वास्थ्य शिविर

### 115 किसान परिवारों और उनके पशुओं की जांच, मुफ्त दवाएं बांटीं

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

देवरिया, भाजपा किसान मोर्चा की वर्तमान कार्यकारिणी के चार साल पूरे होने के उपलक्ष्य में रामपुर कारखाना विधानसभा के बरुआडीह में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में चिकित्सकों ने 115 किसान परिवारों और उनके पशुओं की जांच कर निःशुल्क दवाएं वितरित कीं। किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष पवन कुमार मिश्र ने बताया कि प्रदेश में डबल इंजन सरकार स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार ने नए मेडिकल कॉलेज की स्थापना की है। साथ ही ग्राम सभाओं में आयुष्मान आरोग्य मंदिर खोलकर स्वास्थ्य सुविधाएं बढ़ाई हैं। सरकार ने बच्चों और महिलाओं के स्वास्थ्य को प्राथमिकता दी है। 70 वर्ष से अधिक उम्र के बुजुर्गों को मुफ्त इलाज की सुविधा दी जा रही है। भाजपा मंडल अध्यक्ष राजेश कुशवाहा ने बताया कि कम आय वर्ग के लोगों को आयुष्मान कार्ड के माध्यम से 5 लाख रुपये तक का निःशुल्क इलाज मिल रहा है। कार्यक्रम में डॉ. हेमंत कुमार यादव, डॉ. ओ पी प्रजापति, बलवंत सिंह, विजेंद्र चौहान, सुमंत चतुर्वेदी, भारत भूषण जायसवाल समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।



# ज़िले के छह शिक्षकों को ज़िला आदर्श शिक्षक पुरस्कार से किया गया सम्मानित

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

ठाणे , शिक्षक दिवस के अवसर पर, ज़िला परिषद द्वारा आयोजित ज़िला आदर्श शिक्षक पुरस्कार 2025-26 वितरण समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर कुल छह शिक्षकों को ज़िला स्तरीय पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन और क्रांतिज्योति सावित्रीबाई फुले की प्रतिमाओं के पूजन से हुई। जिला परिषद ठाणे शिक्षकों की समस्याओं के समाधान के लिए निरंतर प्रयासरत है। दिशा परियोजना के माध्यम से, राज्य में निपुण महाराष्ट्र की अवधारणा को साकार किया जा रहा है और जिले के 32 लाख विद्यार्थियों पर परीक्षण आयोजित किए गए हैं। इससे हमें विद्यार्थियों की शैक्षणिक प्रगति की जाँच करने में मदद मिलती है। प्रशासन शिक्षकों के स्थानांतरण, पदोन्नति और विभिन्न समस्याओं के समाधान के लिए भी प्रतिबद्ध है। स्कूलों में भौतिक सुविधाओं, सौर ऊर्जा, डिजिटल शिक्षा और मरम्मत के लिए पहल की जा रही है। शिक्षकों को समृद्ध किए बिना विद्यार्थी सक्षम नहीं होंगे, इसलिए शिक्षकों का योगदान ही ठाणे जिले की शैक्षणिक प्रगति की असली ताकत है। यह मार्गदर्शन मुख्य कार्यकारी अधिकारी रोहन घुगे ने किया। विधायक ज्ञानेश्वर म्हात्रे ने पुरस्कार विजेता शिक्षकों को बधाई देते हुए कहा, ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा, स्वास्थ्य और कृषि क्षेत्रों को तकनीक से जोड़कर जिला परिषद का कार्य अच्छी तरह से चल रहा है। यह गर्व की बात है कि शिक्षकों को उनकी जीवन भर की उपलब्धियों के परिणामस्वरूप आज यह सम्मान मिल रहा है।



विधायक निरंजन डावखरे ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि शिक्षक सच्चे कर्मयोगी होते हैं। शिक्षक विद्यार्थियों को ज्ञान के साथ-साथ संस्कार देने का कार्य करते हैं, जिसका मूल्य लाखों में है। जिला परिषद की पहल से शिक्षा क्षेत्र गतिशील हुआ है और इसमें शिक्षकों की भूमिका अमूल्य है। बालासाहेब राक्षे ने अपने परिचय में शिक्षकों का हार्दिक अभिनंदन किया और ग्रामीण क्षेत्रों में विद्यार्थियों की शिक्षा में शिक्षकों के योगदान पर प्रकाश डाला। पुरस्कार विजेता शिक्षिका वर्षा भानुशाली ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा, शिक्षक होने के नाते, हम विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करते हुए देश के निर्माण में सम्मानपूर्वक योगदान दे पाते हैं। आज का सम्मान शिक्षकों को मिली सराहना है। इस अवसर पर शिक्षा अधिकारी (योजना) भावना राजनोरे, उप शिक्षा अधिकारी (प्राथमिक) कुंदा पंडित, उप शिक्षा अधिकारी (माध्यमिक) भाऊसाहेब मोहिते, सभी गट शिक्षा अधिकारी, अधिकारी-कर्मचारी और बड़ी संख्या में शिक्षक उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. गंगाराम धामके ने किया, जबकि विस्तार अधिकारी (शिक्षा) आशीष झुंजाराव ने धन्यवाद ज्ञापन किया। वर्ष 2025-26 के लिए जिला आदर्श शिक्षक पुरस्कार प्राप्त करने वाले शिक्षकों में अबरनाथ तालुका की शिक्षिका वर्षा भानुशाली, भिवंडी तालुका की स्नातक शिक्षिका पुष्पावती भोईर, कल्याण तालुका के शिक्षक राजाराम वेखंडे, मुरबाड तालुका के स्नातक शिक्षक अविनाश सुरोशे और शिक्षक राजाराम गायकर, शाहपुर तालुका के शिक्षक नवनीत फरदे शामिल हैं।

फास्ट ट्रैक

# बोर्ड की बैठक में किसानों की सुनीं समस्याएं

### रैन बसेरा और सहकारी बैंक की बिल्डिंग बनाने का प्रस्ताव, कर्मचारियों को मिलेगी वेतन वृद्धि

शाहजहांपुर, तिलहर स्थित रस्तोगी धर्मशाला में एडीएम वित्त अरविंद कुमार की अध्यक्षता में चीनी मिल बोर्ड की बैठक हुई। बैठक में ग्यारह सूत्री एजेंडे पर सहमति बनी। एडीएम वित्त ने किसानों के हितों के मुद्दे पर सार्थक चर्चा और कार्यान्वयन पर जोर दिया। संजय पाठक ने स्टेशन रोड पर दुकानें और रैन बसेरा बनाने का प्रस्ताव रखा। चीनी मिल के पूर्व अध्यक्ष सुरेश पाल सिंह ने मिल प्रांगण में सहकारी बैंक की बिल्डिंग बनाने की मांग की। बोर्ड के वर्तमान अध्यक्ष दोदराम कुशवाहा ने कहा कि गन्ना सीजन तक रेलवे ओवर ब्रिज चालू नहीं होने पर गांव ग्वार से गुलचंपा तक का कच्चा मार्ग दुरुस्त कराया जाएगा। उन्होंने कैजुअल कर्मचारियों के मुद्दे पर राजनीति न करने की अपील की। कर्मचारियों को हर छह महीने में 4 से 6 प्रतिशत वेतन वृद्धि का प्रस्ताव भी रखा गया। बैठक में चीनी मिल के प्रधान प्रबंधक शैलेंद्र अस्थान, सीसीओ, चीफ केमिस्ट, चीफ इंजीनियर समेत बृजेश शास्त्री, आशीष शर्मा और सुमित मिश्रा उपस्थित रहे।




# सिर्फ नामपट्टिका तक सीमित न रहें; स्कूलों में सभी लेन-देन मराठी में करने की कांग्रेस की दृढ़ माँग

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

ठाणे , ठाणे मनपा शिक्षा विभाग ने हाल ही में सभी स्कूलों के लिए मराठी नामपट्टिकाएँ लगाना अनिवार्य कर दिया है। सरकार के 2014 के फैसले को याद करते हुए मनपा ने अब इसका सख्ती से पालन शुरू कर दिया है। यह निश्चित रूप से खुशी की बात है, लेकिन ठाणे शहर जिला कांग्रेस कमेटी का मानना ??है कि अगर नामपट्टिकाएँ केवल मराठी में भी होंगी, तो मराठी को न्याय नहीं मिलेगा। कांग्रेस शहर अध्यक्ष विक्रांत चव्हाण ने कहा कि मराठी राज्य की भाषा है और इसे केवल नामपट्टिकाओं तक सीमित नहीं रखा जा सकता। उन्होंने कहा कि वे मांग करेंगे कि स्कूलों में सभी दैनिक लेन-देन, पत्राचार, रिकॉर्ड, आवेदन, आदेश, उपस्थिति, लेखा-जोखा मराठी में ही किया जाए, अन्यथा मराठी नामपट्टिकाएँ केवल दिखावा बनकर रह जाएँगी। इस संबंध में, कांग्रेस प्रशासन से संपर्क करेगी और दृढ़ता से आग्रह करेगी कि आधिकारिक रिकॉर्ड और दस्तावेज अंग्रेजी या हिंदी के बजाय मराठी में रखे जाएँ। अगर मराठी लोगों के बच्चों के स्कूल में लेन-देन अंग्रेजी में होता है, तो मराठी में नामपट्टिकाएँ लगाने से क्या हासिल होगा? चव्हाण ने जोर देकर कहा कि असली सम्मान तभी मिलेगा जब स्कूल डायरी से लेकर रिजल्ट शीट तक सभी दस्तावेज मराठी में उपलब्ध होंगे।

हालांकि मनपा शिक्षा विभाग ने स्कूलों को आठ दिनों के भीतर मराठी नामपट्टिकाएँ लगाने का आदेश दिया है, लेकिन कांग्रेस की इस माँग ने राजनीतिक गलियारे में एक नया समीकरण गरमा दिया है। जहाँ भाजपा-शिवसेना सरकारी स्तर पर मराठी नामपट्टिकाओं पर जोर दे रही हैं, वहीं कांग्रेस ने अब मराठी के दैनिक उपयोग का मुद्दा उठाकर सरकार को मुश्किल में डाल दिया है। मराठी भाषा के संरक्षण के लिए लगातार संघर्षरत संगठनों ने भी इस माँग का स्वागत किया है। स्थानीय मराठी संगठनों ने अपनी राय व्यक्त करते हुए कहा कि अगर सरकार के आदेश नामपट्टिकाओं तक ही सीमित रहे, तो मराठी की रोजमर्रा की उपेक्षा नहीं रुकेगी। अगर नामपट्टिकाएँ और प्रशासनिक दस्तावेज भी मराठी में होंगे, तभी बच्चों को असली भाषा सीखने को मिलेगी। ठाणे में कई अभिभावकों ने भी इस पर सकारात्मक प्रतिक्रिया व्यक्त की। स्कूल में बच्चों द्वारा सीखी जाने वाली भाषा और स्कूल कार्यालय में होने वाले लेन-देन, दोनों मराठी में होने चाहिए। एक अभिभावक का कहना है कि तभी बच्चे अपनी मातृभाषा में मजबूती हासिल कर पाएँगे।

अब सबकी निगाहें ठाणे मनपा शिक्षा विभाग के अगले फैसले पर टिकी हैं। क्या ये आदेश सिर्फ.होर्डिंग तक ही सीमित रहेंगे, या कांग्रेस स्कूलों में रोजाना पत्राचार मराठी में करने की माँग करेगी?

# अंबरनाथ में प्रस्तावित मेट्रो स्टेशन का नाम श्री क्षेत्र प्राचीन शिव मंदिर मेट्रो स्टेशन रखा जाए- कुणाल भोईर

### जीएनपी पर बनने वाला दूसरा मेट्रो स्टेशन एएमपी रोड पर कानसई गांव मेट्रो स्टेशन के नाम से बने।

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

अंबरनाथ. अंबरनाथ नगरपालिका के पूर्व नगरसेवक और शिवसेना शिंदे गुट के नेता कुणाल भोईर ने बुधवार को एमएमआरडीए की बैठक में सांसद डॉ.श्रीकांत शिंदे से निवेदन पत्र के माध्यम मांग की है कि कल्याण बदलापुर रोड में प्रस्तावित दो मेट्रो स्टेशनों में से एक मेट्रो ट्रेन स्टेशन जीएनपी के बजाए, कुछ ही दूरी पर स्थित आयुध निमार्णी के पास एएमपी गेट रोड अर्थात कानसई गांव के नाम से बनाया जाए। दूसरा मेट्रो स्टेशन प्राचीन शिवमन्दिर की धार्मिक महत्ता और पर्यटन को बढ़ाने के उद्देश्य से महात्मा गांधी विद्यालय के सामने बनने वाले मेट्रो स्टेशन का नाम श्री क्षेत्र प्राचीन शिव मंदिर रखे जाने की मांग की है। कुणाल भोईर ने विश्वास व्यक्त किया कि सांसद डॉ.श्रीकांत शिंदे के प्रयासों से शहर के लोग मेट्रो का लाभ लेंगे उन्होंने आशा व्यक्त की है कि उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के मार्गदर्शन में मेट्रो का काम समय पर शुरू होकर शीघ्र खत्म भी होगा।बताते चले कि बुधवार को कल्याण लोकसभा संसदीय क्षेत्र के सांसद डॉ. श्रीकांत शिंदे और एमएमआरडीए आयुक्त संजय मुखर्जी और अधिकारियों के साथ एक बैठक हुई। इस बैठक में अंबरनाथ में प्रस्तावित दोनों मेट्रो स्टेशनों और रूटों के संबंध में सांसद डॉ.शिंदे ने चर्चा की। राज्य के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के मार्गदर्शन में प्रस्तावित मेट्रो रूट क्रमांक 05 ठाणे-भिवंडी-कल्याण-उल्हासनगर होते हुए चिखलोली जाएगा जबकि रूट 14 तलोजा, काटई, नेवाली, आनंदनगर एमआईडीसी, टी सर्कल होते हुए बदलापुर जाएगा। कल्याण-भिवंडी-ठाणे रूट 5 और बदलापुर-नवी मुंबई-कांजुरमार्ग रूट 14 को एकीकृत किए जाने से ठाणे और नवी मुंबई जाने वाले यात्रियों को बेहतर यात्रा सुविधाएं मिलेंगी।



# महिला पर डीजल डालकर जलाने की कोशिश

### ससुराल पक्ष पर लगाया आरोप, पीड़िता ने सीओ से लगाई गुहार

शाहजहांपुर, जलालाबाद में एक महिला ने अपने पति और ससुराल वालों के खिलाफ गंभीर आरोप लगाए हैं। पीड़िता रश्मी ने क्षेत्राधिकारी को दी शिकायत में बताया कि उसकी शादी 9 साल पहले बदायूं जिले के म्याऊं थाना क्षेत्र के निवासी लालू से हुई थी। रश्मी के मुताबिक, शादी के बाद से ही उसके पति लालू, सास वेरवती, ननद काजल और देवर गोविंद ने उसे शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। करीब 6 महीने पहले इन सभी ने मिलकर उस पर डीजल डालकर माचिस से जलाने की कोशिश की। आसपास के लोगों की मदद से उसकी जान बच गई। इस घटना के बाद वह अपने मायके चली आई। पीड़िता ने बताया कि कुछ महीने पहले उसका पति मायके आया और उसे जान से मारने की धमकी दी। अब पीड़िता ने पुलिस से कानूनी कार्रवाई की मांग की है। पीड़िता ग्राम अंडपुर, थाना जलालाबाद की रहने वाली है। उसने अपनी शिकायत में कहा कि घटना से वह काफी भयभीत थी और अब उसकी मानसिक स्थिति सामान्य हुई है। इसलिए वह न्याय की मांग के लिए थाने पहुंची है।



# पत्नी और बेटी को बहला-फुसलाकर ले गया आरोपी

- 70 हजार रुपए और 250 ग्राम सोने चांदी के जेवर गायब, पुलिस ने नहीं की कार्रवाई

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

शाहजहांपुर, जलालाबाद में एक महिला अपनी 9 साल की बेटी के साथ लापता हो गई। पीड़ित जयपाल ने बताया कि उनकी पत्नी सरोजनी (38) 28 अगस्त को बेटी मानवी के साथ दवा लेने कलान गई थी। वह वापस नहीं लौटी। जयपाल को जानकारी मिली कि गांव का ही सत्यदेव यादव और ग्राम प्रधान निर्देश यादव की मिलीभगत से उनकी पत्नी को बहला-फुसलाकर ले जाया गया है। सरोजनी अपने साथ सोने के झाले, बिछुआ, पायल, बेसर, पेंडल और मांग टीका समेत करीब 250 ग्राम सोने चांदी के जेवर ले गई। साथ ही मकान बनवाने के लिए रखे 70 हजार रुपए भी ले गई। जब जयपाल ने सत्यदेव से पूछताछ की तो उसने गाली-गलौज की। सत्यदेव ने जयपाल के सीने पर तमंचा रखकर जान से मारने की धमकी दी। उसने कहा कि उनकी पत्नी और बेटी उसके पास हैं। अगर कोई कानूनी कार्रवाई की तो जान से मार देगा। जयपाल ने थाना मिजार्पुर में शिकायत की, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई।

अब उन्होंने क्षेत्राधिकारी से सत्यदेव और ग्राम प्रधान निर्देश यादव के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने और कानूनी कार्रवाई की मांग की है।



# हिस्ट्रीशीटर की मौत का मामला

### पुरानी रंजिश में चाकू से हमला करने वाला आरोपी गिरफ्तार

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मिर्जापुर, थाना अदलहाट पुलिस ने हिस्ट्रीशीटर सूरज गिरी की मौत के मामले में आरोपी विशाल गिरी उर्फ गब्बर को गिरफ्तार कर लिया है। विशाल गिरी टेढुआ का रहने वाला है। पुलिस के अनुसार, सूरज गिरी और विशाल गिरी के बीच पुरानी रंजिश चल रही थी। इसी रंजिश के चलते दोनों के बीच मारपीट हुई। विशाल ने सूरज पर पत्थर और चाकू से हमला कर दिया। गंभीर रूप से घायल सूरज की इलाज के दौरान मौत हो गई। मृतक सूरज गिरी के खिलाफ 8 मामले दर्ज थे और वह हिस्ट्रीशीटर था। मृतक के पिता मंगला प्रसाद गिरी की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया। उप-निरीक्षक रामप्रीत यादव के नेतृत्व में पुलिस टीम ने आरोपी को गिरफ्तार किया। आरोपी की निशानदेही पर घटना में इस्तेमाल किया गया चाकू और पत्थर भी बरामद कर लिया गया है।



# सफाई कर्मी को मिली लावारिस बच्ची

- 8 माह की मासूम को बचाने वाली बेबी देवी को डीएम ने किया सम्मानित

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मिर्जापुर, मिर्जापुर के देहात कोतवाली क्षेत्र में एक मानवीय कार्य सामने आया है। हनुमान पड़रा में सफाई कर्मी बेबी देवी को बुधवार को एक 8 माह की बच्ची लावारिस हालत में मिली। आवास विकास कालोनी की रहने वाली बेबी देवी अपना काम खत्म करने के बाद पंप संख्या-2 पर पहुंचीं। वहां उन्होंने एक चबूतरे पर बच्ची को सोते हुए देखा। उन्होंने आसपास आवाज लगाकर बच्ची के परिजनों को खोजने की कोशिश की। जब कोई नहीं मिला तो उन्होंने इसकी सूचना प्रशासन को दी। प्रशासनिक टीम मौके पर पहुंची और बच्ची को कटरा कोतवाली ले गई। वहां से बच्ची को जिला मंडलीय अस्पताल भेजा गया। डॉक्टरों ने जांच में बच्ची को स्वस्थ पाया। बेबी देवी की इस मानवीय पहल की सराहना करते हुए जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार ने कलेक्ट्रेट सभागार में उन्हें सम्मानित किया। जिलाधिकारी ने कहा कि बेबी देवी का यह कार्य समाज के लिए प्रेरणादायक है। उन्होंने अपनी संवेदनशीलता से एक बच्ची की जिंदगी बचाई है। प्रशासन ने अन्य कर्मचारियों और नागरिकों से भी अपील की है कि वे ऐसी स्थितियों में तुरंत प्रशासन को सूचित करें और सहयोग करें।



# ईद मिलादुन्नबी का जश्न

### मदरसा अत्तारिया के बच्चों ने निकाला जुलूस, नातें पढ़ते हुए किया शहर का भ्रमण

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

शाहजहांपुर, मोहल्ला जलालनगर स्थित मदरसा अत्तारिया में ईद मिलादुन्नबी का जुलूस निकाला गया। मौलाना मोहम्मद अनीस अत्तारी ने हरी झंडी दिखाकर जुलूस को रवाना किया। मदरसे के छात्रों ने हरे परचम लहराते हुए नातें पढ़ीं। जुलूस मछली मार्केट, भुल्लन खां की चौपाल, अशफाक उल्ला खां की मजार होते हुए आगे बढ़ा। स्टेशन रोड, महिला थाना और मदीना मस्जिद के रास्ते से होकर वापस मदरसे पहुंचा। मार्ग में स्थानीय लोगों ने बच्चों को लंगर वितरित किया। जुलूस के समापन पर मोहम्मद गयूर सकलैनी ने कहा कि सभी को ईद मिलादुन्नबी मनानी चाहिए। उन्होंने लोगों से नजर-ओ-न्याज करने और घरों को सजाने की अपील की। कार्यक्रम में मदरसे के मैनेजर मोहम्मद रिजवान, स्टाफ सदस्य और अयान, ताबिश रजा, अब्दुल समद, मोहम्मद फरदीन, अरीब, मोहम्मद जहीम, मोहम्मद अनस, मोहम्मद जीशान, अब्दुल मन्नान, मुजाहिद हसन और फैजान सहित कई लोग उपस्थित रहे।



# जीएसटी स्लैब में बदलाव पर व्यापारियों में हर्ष

### दो स्लैब खत्म होने से व्यापारियों में उत्साह, बोले- बाजारों में रौनक आएगी, अर्थव्यवस्था भी मजबूत होगी

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

शाहजहांपुर, केंद्र सरकार द्वारा जीएसटी के दो स्लैब समाप्त करने के फैसले का शाहजहांपुर के व्यापारियों ने स्वागत किया है। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल ने लोधीपुर में प्रेस वार्ता आयोजित की। हैंडलूम व्यापारी मोहम्मद सलाहुद्दीन ने कहा कि यह फैसला व्यापारियों के लिए राहत लेकर आया है। उनके अनुसार इससे बाजारों में गतिविधियां बढ़ेंगी। साथ ही अर्थव्यवस्था को भी लाभ होगा। व्यापारी सुशील कुमार गुप्ता ने बताया कि सरकार के इस निर्णय से महंगाई कम होगी। व्यापारी सैय्यद अनवर मियां ने कहा कि उनका संगठन लंबे समय से इस बदलाव की मांग कर रहा था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पहले ही जीएसटी काउंसिल के माध्यम से यह घोषणा की थी। व्यापारियों का मानना है कि इस फैसले से न केवल उन्हें राहत मिलेगी, बल्कि बाजारों में भी नई जान आएगी। व्यापारियों ने कहा कि जीएसटी के दो स्लैब खत्म करने से आमतौर पर इस्तेमाल होने वाली आवश्यक वस्तुए सस्ती होंगी इससे व्यापारियों के साथ साथ आम जनता को काफी राहत मिलेगी। बाजारों में ग्राहकों का आना शुरू होगा और व्यापारियों का व्यापार भी बेहतर होगा।




# दियूनी बैराज से 41131 क्यूसेक पानी छोड़ा गया

- शाहजहांपुर में गर्रा नदी किनारे बैरिकेडिंग की गई, डीएम बोले-सुरक्षित स्थान पर जाएं

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

शाहजहांपुर, बाढ़ का खतरा बढ़ गया है। बुधवार शाम 6 बजे दियूनी बैराज से गर्रा नदी में 41,131 क्यूसेक पानी छोड़ा गया। यह पानी 6 सितंबर तक नदी में पहुंचेगा। कठना नदी 21 हजार क्यूसेक डिस्चार्ज के साथ गर्रा नदी में मिल रही है। 2 और 3 सितंबर की रात दियूनी बैराज से गर्रा नदी में 56,120 क्यूसेक पानी छोड़ा गया था। डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने अधिकारियों के साथ गर्रा और खननौत नदी के जलस्तर का निरीक्षण किया। उन्होंने सभी अधिकारियों को सक्रिय रहने के निर्देश दिए। राहत टीमों को भ्रमणशील रहने और जलस्तर की जानकारी जनता तक पहुंचाने को कहा। गर्रा पुल के पास नदी किनारे प्रशासन ने बल्लियां लगवाई हैं। यह कदम बढ़ती नदी को देखने आने वाली भीड़ की सुरक्षा के लिए उठाया गया है। डीएम ने बताया कि पानी खतरे के निशान से एक मीटर नीचे है। आने वाले 24 घंटे में जलस्तर तीन से चार फीट और बढ़ने की संभावना है। नदी किनारे रहने वाले लोगों से अपील की गई है कि वे अपने मकान खाली कर सामान सुरक्षित स्थान पर ले जाएं। पानी के स्तर में कमी आने में तीन दिन का समय लग सकता है। आपातकालीन स्थिति में हेल्पलाइन नंबर पर संपर्क करने की सलाह दी गई है। एसपी राजेश द्विवेदी ने बताया कि फ्लड यूनिट की टीमे सक्रिय हैं। पुलिसकर्मियों की नदी किनारे चिन्हित स्थानों पर ड्यूटी लगाई गई है। बाढ़ चौकियां स्थापित की गई हैं। बाढ़ के हालात अगर बढ़ते हैं तो उससे निपटने के लिए पुलिस तैयारी पूरी है। बता दें कि पिछले साल भी शाहजहांपुर में भीषण बाढ़ आई थी। तब गर्रा और खननौत नदी खतरे के निशान से उपर चली गई थीं। शहर दो नदियों के बीच बसा है ।ऐसे में शहर से सटी कालोनियों, मकानों, नेशनल हाइवे और राजकीय मेडिकल कालेज में करीब तीन फीट तक पानी भर गया था।

## भारत संवाद परिवार


1-संरक्षक-भारत संवाद
डॉ राम किशोर शर्मा
पूर्व विभागाध्यक्ष इलाहाबाद विश्व विद्यालय कबीर सम्मान 2021 से सम्मानित,
2-संरक्षक-भारत संवाद
आचार्य पं0 पृथ्वीनाथ पाण्डेय
भाषाविज्ञानी एंव मीडियाध्ययन विशेषज्ञ
3-संरक्षक-भारत संवाद
गजानन महतपुरकर
(सुपरिचित कवि, लेखक, गीतकार, मंच संचालक, स्वतंत्र पत्रकार एवं सदस्य, महाराष्ट्र राज्य हिंदी साहित्य अकादमी तथा पश्चिम रेलवे, चर्चगेट के वरिष्ठ जनसम्पर्क अधिकारी पद से सेवानिवृत्त)
4-कला एवं मनोरंजन संपादक (भारत संवाद)
जगन्नाथ तिवारी
5-उपसंपादक (भारत संवाद)
माता प्रसाद शर्मा
6-प्रभारी प्रयागराज संस्करण (भारत संवाद)
आशीष कुमार शर्मा

# अमेरिका का वेनेजुएला की नाव पर हमला, 11 की मौत

## विदेश मंत्री बोले- ड्रग्स की तस्करी हो रही थी, ट्रम्प ने उड़ाने का आदेश दिया

एजेंसी

वॉशिंगटन डीसी, अमेरिकी सेना ने मंगलवार को वेनेजुएला की एक नाव पर हमला किया जिसमें 11 लोगों की मौत हो गई। अब अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने खुलासा किया है कि खुद ट्रम्प ने नाव पर हमला करने का आदेश दिया था। यह हमला मंगलवार को कैरिबियन सागर में हुआ था। रुबियो ने कहा कि वे चाहते तो उस नाव को सीज कर सकते थे, लेकिन ट्रम्प ने इसके बजाय उसे उड़ाने का आदेश दिया। रुबियो ने कहा कि सिर्फ ड्रग्स की खेप जब्त करने से कार्टेल पर असर नहीं पड़ने वाला है। उन्हें खत्म करना है तो उन्हें उड़ाना ही होगा। रुबियो ने यह भी कहा कि नाव पर मौजूद लोगों को कोई चेतावनी नहीं दी गई क्योंकि वह ह्यकोकीन या फेंटेनाइलह्व ड्रग से भरी हुई थी। यह अमेरिका के लिए सीधा खतरा थी। इससे पहले राष्ट्रपति ट्रम्प ने दावा किया कि जहाज पर ह्यट्रेन डे अरागुआ गिरोहह्व के सदस्य थे। अमेरिका इसे आतंकवादी संगठन घोषित कर चुका है। ट्रम्प ने दावा किया




कि नाव पर भारी मात्रा में ड्रग्स था। ट्रम्प ने इससे जुड़ा फुटेज भी सोशल मीडिया पर शेयर किया था, जिसमें एक स्पीडबोट पानी में दौड़ती दिखाई देती है और फिर विस्फोट में उड़ जाती है। वीडियो ज्यादातर ब्लैक-एंड-व्हाइट है और इसमें साफ दिखाई नहीं देता कि नाव पर कितने लोग हैं या ड्रग्स मौजूद हैं या नहीं। अमेरिकी रक्षा अधिकारियों ने अब तक इस हमले के बारे में विस्तृत जानकारी नहीं दी है। रक्षा विभाग के एक अधिकारी ने तो यहां तक सवाल उठाया कि क्या इतनी छोटी नाव में सचमुच 11 लोग बैठ सकते थे। यह भी स्पष्ट नहीं है कि सेना ने नाव को रोकने के बजाय उसे उड़ाने का फैसला क्यों किया। आमतौर पर तटरक्षक बल या अमेरिकी नौसेना ड्रग्स से लदी नावों को पकड़कर चालक दल को हिरासत में लेती रही है और उन पर मुकदमा भी चलता रहा है। न्यूयॉर्क टाइम्स के मुताबिक अमेरिकी नौसेना पहले भी अंतरराष्ट्रीय जलक्षेत्र में संदिग्ध जहाजों को रोकती और उनकी जांच करती रही है। लेकिन मंगलवार को कैरिबियन सागर में हुआ यह हमला बिल्कुल अलग था, क्योंकि इस बार सीधा हमला किया गया। ट्रम्प प्रशासन ने इस कार्रवाई का कोई कानूनी तर्क नहीं दिया। रक्षा सचिव पीट हेगसेथ ने टीवी चैनल पर कहा कि अधिकारियों को पूरी जानकारी थी कि नाव में कौन लोग थे और वे क्या कर रहे थे। हालांकि, उन्होंने कोई सबूत नहीं दिखाया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति ट्रम्प ऐसे आक्रामक कदम उठाने को तैयार हैं, जो पहले किसी ने नहीं उठाए। रक्षा विभाग के कुछ अधिकारियों ने प्रशासन के बदलते बयानों पर चिंता जताई। रुबियो ने मंगलवार को कहा था कि नाव त्रिनिदाद जा रही थी, जबकि ट्रम्प ने कहा था कि वह अमेरिका जा रही थी। पेंटागन अब यह तय करने में लगा है कि जनता को किस कानूनी आधार पर यह समझाया जाए कि अंतरराष्ट्रीय जलक्षेत्र में हुए इस हमले को कैसे जायज ठहराया जाए। रिपोर्ट के मुताबिक अमेरिकी संसद ने ट्रेन डे अरागुआ या वेनेजुएला के खिलाफ किसी तरह की सैन्य कार्रवाई को मंजूरी नहीं दी है। एक्सपर्ट्स का कहना है कि उन्होंने ऐसा पहले कभी नहीं देखा जब किसी देश ने आत्मरक्षा के नाम पर ड्रग्स तस्करी के शक में लोगों को उड़ा दिया हो। कानून में तस्करों को मारने की इजाजत नहीं रुबियो ने मंगलवार को कहा था कि सरकार को ड्रग तस्करों के खिलाफ सैन्य बल इस्तेमाल करने का अधिकार मिलता है। लेकिन कानून के जानकारों का कहना है कि ऐसा नहीं है। आतंकवादी घोषित करने से सरकार उनकी संपत्ति जब्त कर सकती है या उन पर वित्तीय पाबंदी लगा सकती है, लेकिन युद्ध जैसी कार्रवाई का अधिकार नहीं मिलता।

# पुतिन बोले- ट्रम्प भारत-चीन को धमकाना बंद करें

## दोनों देशों को टैरिफ से नहीं डरा सकते; अगर वे झुके तो उनकी राजनीति खत्म हो जाएगी

एजेंसी

बीजिंग, रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प से भारत और चीन को टैरिफ के नाम पर धमकाना बंद करने को कहा है। उन्होंने कहा कि दोनों (भारत-चीन) देश उनकी धमकी से डरने वाले नहीं हैं। चीन की विक्ट्री डे परेड में शामिल होने के बाद बुधवार (3 सितंबर) को मीडिया से बात करते हुए पुतिन ने कहा कि ट्रम्प, भारत या चीन से इस तरह से बात नहीं कर सकते। रूसी राष्ट्रपति ने कहा, 'भारत और चीन का इतिहास हमलों से भरा है। अगर इन देशों का कोई नेता कमजोरी दिखाएगा तो उसका राजनीतिक करियर खत्म हो



सकता है।' दरअसल, ट्रम्प भारत पर कई बार आरोप लगा चुके हैं कि भारत रूसी तेल खरीदता है और यूक्रेन जंग में रूस का साथ दे रहा है। ट्रम्प अपने टैरिफ को जंग सुलझाने वाला हथियार बताते हैं। ट्रम्प ने बुधवार को द स्कॉट जेनिंग्स रेडियो शो में कहा था कि इस (टैरिफ) नीति की वजह से अमेरिका को ताकत मिलती है। ट्रम्प ने टैरिफ को जादुई हथियार कहा और दावा किया इसके जरिए उन्होंने 7 जंग रोकी हैं। पुतिन ने अमेरिका के रवैये को पुराना और रूढ़िवादी मानसिकता वाला बताया। उन्होंने कहा, 'औपनिवेशिक युग अब खत्म हो चुका है। अमेरिका को समझना होगा कि वह अपने पार्टनरों से ऐसी भाषा में बात नहीं कर सकता।' हालांकि उन्होंने उम्मीद जताई कि भविष्य में तनाव कम होगा और सामान्य राजनीतिक बातचीत फिर शुरू होगी। पुतिन की यह टिप्पणी ऐसे समय में आई है, जब भारत रूसी तेल खरीदने के कारण अमेरिकी टैरिफ का सामना कर रहा है और चीन अमेरिका के साथ व्यापार युद्ध में उलझा है। 1 सितंबर को चीन के तियानजिन में एससीओ की बैठक हुई। बैठक से पहले फोटो सेशन के दौरान भारतीय ढट नरेंद्र मोदी, चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग और रूसी राष्ट्रपति पुतिन एक साथ नजर आए। तीनों नेताओं को एक-दूसरे का हाथ पकड़े हुए भी देखा गया। भारत, चीन और रूस के नेताओं ने आपसी दोस्ती का प्रदर्शन किया, जिससे अमेरिका बेचैन हो गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रूस को विशेष और विश्वसनीय साझेदार बताया। चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने कहा कि दुनिया के दो सबसे ज्यादा आबादी वाले देशों को दोस्त होना चाहिए।

# गाजा पर कब्जा कर इमारतें बेचेंगे ट्रम्प

## दुबई जैसा बनाएंगे; फिलिस्तीनियों को गाजा छोड़ने के बदले 4 लाख रुपए और 4 साल का रेंट मिलेगा

एजेंसी

गाजा, पिछले 23 महीनों से इजराइली हमलों के चलते गाजा पट्टी पूरी तरह से तबाह हो गई है। इसी बीच, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की गाजा को दुबई जैसा टूरिस्ट और फाइनेंशियल स्पॉट बनाने की योजना सामने आई है। वॉशिंगटन पोस्ट के मुताबिक एक 38 पेज की सरकारी दस्तावेज में गाजा को हाई-टेक मेगासिटी में बदलने की योजना का जिक्र है। इस योजना को 'गाजा रीकंस्ट्रक्शन, इकोनॉमिक एक्सेलरेशन एंड ट्रांसफॉर्मेशनल ट्रस्ट' नाम दिया गया है। इसे करीब 9 लाख करोड़ रुपए की लागत से बनाया जाएगा। ट्रम्प इन इमारतों को ऊंचे दामों पर बेचेंगे। वहीं, इसके लिए 20 लाख लोगों को निकाला जाएगा, जिन्हें शहर छोड़ने के बदले 4 लाख रुपए और बसने के लिए 4 साल तक का किराया दिया जाएगा। साथ ही एक साल तक फ्री भोजन भी देने की बात कही गई है। दस्तावेज में ट्रम्प, एलन मस्क और सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान का जिक्र है। हालांकि, मानवाधिकार संगठनों और एक्सपर्ट्स ने इसे गाजा से लोगों को निकालने और नरसंहार की साजिश करार दिया है। रिपोर्ट के मुताबिक गाजा से लोगों को निकाल कर मिस्र, कतर जैसे देशों में रखा जाएगा या फिर फिलिस्तीन के ही किसी एक क्षेत्र में रखा जाएगा। इन लोगों को तब तक गाजा से बाहर रहना होगा, जब तक इलाके का पुनर्विकास नहीं हो जाता। जमीन मालिकों को उनकी



संपत्ति के बदले डिजिटल टोकन दिए जाएंगे, जबकि रहने वालों को 323 वर्ग फीट के छोटे घरों में रहना होगा। रिपोर्ट के मुताबिक जितने लोग गाजा छोड़ेंगे, निवेश उतना घटेगा। हर 1% आबादी के विस्थापन से 40 हजार करोड़ रुपए बचेंगे। गाजा योजना में ट्रम्प के दामाद जेरेड कुशनर और पूर्व ब्रिटिश पीएम टोनी ब्लेयर की भूमिका अहम है। कुशनर पहले भी गाजा के वॉटरफ्रंट को मूल्यवान संपत्ति बताते रहे हैं। योजना में गाजा को सऊदी अरब के नियोम प्रोजेक्ट की तर्ज पर 8 एआई-संचालित मेगासिटी और एक 'एलन मस्क मैन्युफैक्चरिंग पार्क' में बदलने की बात है, जो पहले इजराइल के नष्ट किए गए ईरेज औद्योगिक क्षेत्र पर बनेगा। गाजा की सीमा के पास की कृषि भूमि को इजराइल के लिए सुरक्षा बफर जोन में बदला जाएगा। गाजा को 10 सालों तक अमेरिकी ट्रस्टीशिप के तहत चलाया जाएगा। रिपोर्ट में इस योजना के पीछे का मकसद भारी मुनाफा कमाना है। यह योजना कुछ इजराइली विशेषज्ञों और बोस्टन कंसल्टिंग ग्रुप के विशेषज्ञों ने तैयार की है। इसमें इजराइली-अमेरिकी उद्यमी माइकल आइजेनबर्ग और लिरन टैंकमैन का नाम है। इन्होंने गाजा में एक 'ग्रेट ट्रस्ट' नामक संस्था की स्थापना का सुझाव दिया है। इसके जरिए गाजा पट्टी को पहले हमास मुक्त करने और फिर धीरे-धीरे अमेरिकी नियंत्रण में स्मार्ट सिटी और आर्थिक जोन में बदलने की तैयारी है। हालांकि, बोस्टन कंसल्टिंग ग्रुप ने कहा कि यह दस्तावेज उनकी मंजूरी के बिना तैयार किया गया और इस पर काम करने वाले दो वरिष्ठ एक्सपर्ट्स को निकाल दिया गया है। व्हाइट हाउस या अमेरिका के स्टेट डिपार्टमेंट ने इस योजना की कोई आधिकारिक जानकारी नहीं दी है। लेकिन यह योजना ट्रम्प के पुराने बयानों से मिलती है जिसमें उन्होंने गाजा को साफ करने और उसे दोबारा बसाने की बता कही थी। इजराइली सेना (आईडीएफ) का कहना है कि गाजा के लगभग 75% हिस्से पर उसका नियंत्रण है। गाजा पट्टी उस 25% इलाके में है

# अमेरिका में कैथल के युवक की हत्या

## मां बोली- पत्नी ने बॉयफ्रेंड संग मिलकर मारा, पहले राखी बांधती थी; 80 लाख खर्च कर गया था

एजेंसी

कैथल, हरियाणा के कैथल के रहने वाले युवक की अमेरिका में हत्या कर दी गई। अमेरिका में ही रह रही युवक की मां ने बेटे की पत्नी और उसके बॉयफ्रेंड पर हत्या करने का आरोप लगाया है।

मां ने सोशल मीडिया पर इस संबंध में एक वीडियो भी जारी किया है। वीडियो में मां ने आरोपी पर पहले बेटे की पत्नी से राखी बंधवाने और फिर



प्रेमजाल में फंसाने का आरोप लगाया है। इसके बाद साजिश रचकर हत्या करने की बात कही है। आरोपी के एक अन्य दोस्त को भी इस साजिश में शामिल बताते हुए कार्रवाई की मांग की है। मृतक की पहचान कौल गांव के 40 वर्षीय विकास निवासी कौल गांव, कैथल के तौर पर हुई है। वह 3 साल पहले पत्नी और बेटी के साथ अमेरिका गया था।

फिलहाल, अमेरिकी पुलिस इस मामले की जांच कर रही है। आरोपी फरार है, जिनकी तलाश पुलिस कर रही है। उधर, मामला सामने आने के बाद अमेरिका में रह रहे हरियाणवी मूल के लोगों ने इसे

लेकर वहां पंचायत की। इस पंचायत में 3 अहम फैसले लिए गए, जिनमें मृतक की बेटी को उसकी दादी को सौंपने, आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी कराने और तीसरा उनका सामाजिक बहिष्कार करना शामिल है। इसके अलावा गुरुवार की शाम गांव कौल में भी सर्वसमाज की पंचायत हुई, जिसमें मामले को लेकर कई बड़े फैसले लिए गए।

# जीएसटी सुधार 'बयानबाजी', राज्यों को 10,000 करोड़ का नुकसान : असदुद्दीन ओवैसी

### ओवैसी का केंद्र पर तीखा हमला



असदुद्दीन ओवैसी ने केंद्र के जीएसटी सुधारों को ?बयानबाजी? बताकर आलोचना की है और राज्यों के लिए 8,000-10,000 करोड़ रुपये के बड़े राजस्व घाटे की चेतावनी दी है। उन्होंने तर्क दिया कि पिछले एक दशक में ऐसी बयानबाजी से आम आदमी को कोई लाभ नहीं हुआ है, जिससे आर्थिक नीति पर गंभीर बहस छिड़ गई है।

एजेंसी

एआईएमआईएम प्रमुख और हैदराबाद से सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने गुरुवार को केंद्र सरकार के इस दावे की आलोचना की कि वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) में नवीनतम सुधारों से उपभोग बढ़ेगा और कहा कि पिछले एक दशक में इस तरह की बयानबाजी और संवाद से आम आदमी को कोई फायदा नहीं हुआ है। एआईएमआईएम नेता ने चेतावनी दी कि इन बदलावों के परिणामस्वरूप राज्य सरकारों को सामूहिक रूप से 8,000-10,000 करोड़ रुपये के राजस्व घाटे का सामना करना पड़ सकता है।मीडिया से बात करते हुए असदुद्दीन ओवैसी ने कहा कि पिछले 11 वर्षों में हमने जो भी बयानबाजी और संवाद देखे हैं, उनसे आम आदमी को कोई फायदा नहीं हुआ है। हम इसका स्वागत नहीं कर सकते क्योंकि इसका राज्यों के राजस्व और वित्त पर बहुत बुरा प्रभाव पड़ेगा और प्रत्येक राज्य को 8 से 10 हजार करोड़ रुपये का राजस्व नुकसान होगा। इस बीच, पूर्व केंद्रीय वित्त मंत्री और वरिष्ठ कांग्रेस नेता पी चिदंबरम ने जीएसटी दरों को दो स्लैब में तर्कसंगत बनाने के केंद्र के फैसले में देरी पर सवाल उठाया है। उन्होंने कहा कि वह 1 जुलाई, 2017 को इसे लागू करने के आठ साल बाद अपनी गलती का ?एहसास? करने के लिए सरकार की सराहना करते हैं। उन्होंने बताया कि कांग्रेस पार्टी और पूर्व मुख्य आर्थिक सलाहकार अरविंद सुब्रमण्यन सहित कई अर्थशास्त्रियों ने कर ढांचे को लेकर चिंता जताई थी जब इसे पहली बार लागू किया गया था। मदुरै में पत्रकारों से बात करते हुए चिदंबरम ने कहा, ?मैं आठ साल बाद अपनी गलती का एहसास होने के लिए सरकार की सराहना करता हूँ। आठ साल पहले, जब यह कानून लागू किया गया था, तब यह गलत था। उस समय, हमने सलाह दी थी कि ऐसा कर नहीं लगाया जाना चाहिए। तत्कालीन मुख्य आर्थिक सलाहकार अरविंद सुब्रमण्यन ने भी सलाह दी थी कि यह एक गलती थी। एनडीए सरकार को अपनी गलतियों का एहसास होने के लिए धन्यवाद देते हुए, चिदंबरम ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनके मंत्रियों की आलोचना की कि उन्होंने जीएसटी की कमियों के बारे में कांग्रेस की दलीलों को नजरअंदाज किया।

# बारिश से पहाड़ों पर तबाही का कारण इंसान : सुप्रीम कोर्ट

## प्रकृति अवैध पेड़ कटाई का बदला ले रही; केंद्र, हिमाचल, जम्मू-कश्मीर, उत्तराखंड, पंजाब को नोटिस

### अगस्त से 3 सितंबर तक: पंजाब में 1600 से ज्यादा गांवों में बाढ़

पंजाब के सभी 23 जिलों में बाढ़ आ गई है। 1,655 गांवों में 3.55 लाख से ज्यादा लोग प्रभावित हैं। राज्य में सभी स्कूल, कॉलेज और यूनिवर्सिटी की छुट्टियां 3 सितंबर से बढ़ाकर 7 सितंबर कर दी गई हैं। 1 अगस्त से 3 सितंबर तक बाढ़ में 37 लोगों की मौत हुई है। पठानकोट में 3 लापता हैं।



एजेंसी

नई दिल्ली , सुप्रीम कोर्ट ने हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर, उत्तराखंड और पंजाब में बारिश से हो रही तबाही पर चिंता जताई है। कोर्ट ने गुरुवार को कहा कि यह सिर्फ प्राकृतिक आपदा नहीं, बल्कि इंसानों का पैदा किया गया संकट है। कोर्ट ने कहामुख्य न्यायाधीश बीआर गवई और जस्टिस के. विनोद चंद्रन की बेंच ने गुरुवार को अनामिका राणा की याचिका पर सुनवाई के दौरान यह बात कही है। कोर्ट ने केंद्र और इन चारों राज्यों समेत राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण , पर्यावरण मंत्रालय, राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण को नोटिस भेजा और तीन हफ्तों में जवाब मांगा। साथ ही केंद्र से ठोस कदम उठाने की कहा है।सुप्रीम कोर्ट बोला- प्रकृति पेड़ों की कटाई का बदला ले रही हैयाचिकाकर्ता अनामिका राणा ने कोर्ट में कहा कि हिमाचल में बाढ़ के दौरान बड़ी संख्या में लकड़ियां बहकर आईं, जिससे साफ है कि बड़े पैमाने पर पेड़ों की अवैध कटाई हुई है। अगली सुनवाई दो हफ्ते बाद होगी। इस पर बेंच ने सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता से कहा,इन आपदाओं के पीछे पहाड़ों पर अवैध पेड़ कटाई एक बड़ी वजह है। पेड़ों की अवैध कटाई हो रही है इसलिए अब प्रकृति बदला ले रही है। मेहता ने कहा कि वह पर्यावरण और वन मंत्रालय के सचिव से संपर्क करेंगे और उनसे पूरी जानकारी मांगेंगे। उन्होंने कहा कि हमनें प्राकृतिक चीजों के साथ हस्तक्षेप किया है कि अब वह हमें नुकसान पहुंचा रही है। मुख्य न्यायाधीश ने इस बात पर सहमति जताई। हिमाचल के कुल्लू में 24 जून को बादल फटने के बाद आई बाढ़ के चलते सैकड़ों टन लकड़ियां बहकर पंडोह डैम तक पहुंची थीं। सोशल मीडिया पर इसे पुष्पा स्टाइल में पेड़ों की अवैध कटाई से जोड़कर वायरल किया गया।

# बीएसएफ का भारत-बांग्लादेश बॉर्डर पर बड़ा एक्शन, 1.99 लाख के जाली नोटों की तस्करी नाकाम

भारत-बांग्लादेश सीमा से बीएसएफ द्वारा की गई यह बरामदगी केंद्र सरकार के लिए एक बड़ा झटका है, जो दावा करती रही है कि 500 और 1000 रुपये के नोटों को बंद करने से आतंकवाद के वित्तपोषण और नकली मुद्रा की तस्करी पर पूरी तरह से रोक लग गई है।



एजेंसी

सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने पश्चिम बंगाल के मालदा जिले से 2 लाख रुपये मूल्य के नकली भारतीय नोट (एफआईसीएन) जब्त किए हैं। उन्होंने बांग्लादेश से नकली मुद्रा की तस्करी की एक कोशिश को नाकाम कर दिया। भारत-बांग्लादेश सीमा से बीएसएफ द्वारा की गई यह बरामदगी केंद्र सरकार के लिए एक बड़ा झटका है, जो दावा करती रही है कि 500 ??और 1000 रुपये के नोटों को बंद करने से आतंकवाद के वित्तपोषण और नकली मुद्रा की तस्करी पर पूरी तरह से रोक लग गई है। 14 फरवरी को, बीएसएफ ने एनआईए के साथ एक संयुक्त अभियान में, मालदा के गोपालगंज इलाके में चुरियन्टपुर सीमा चौकी से उमर फारुक उर्फ ??फिरोज नामक एक नकली मुद्रा गिरोह के सरगना को गिरफ्तार किया। फारूक को जिले के कालियाचक थाना अंतर्गत गोलापगंज इलाके से गिरफ्तार किया गया। 19 सितंबर, 2015 को दर्ज 5,94,000 रुपये मूल्य के जाली नोटों की तस्करी के एक पुराने मामले में एनआईए को उसकी तलाश थी।

# नीतीश का बड़ा ऐलान: 5 साल में 1 करोड़ युवाओं को मिलेगी नौकरी, बिहार में विकास की लहर

एजेंसी

मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार आज सारण जिला के मढ़ौरा अनुमंडल अंतर्गत मढ़ौरा थाना के पीछे स्थित खेल मैदान में कार्यकताओं के साथ आयोजित संवाद कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान कार्यकताओं को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि आज मुझे प्रगति यात्रा की योजनाओं के स्थल भ्रमण एवं कार्यारम्भ एवं शिलान्यास के लिए यहाँ आने तथा आपसे बातचीत करने का मौका मिला है। यह बहुत खुशी की बात है कि इस कार्यकर्ता संवाद में बड़ी संख्या में आप सब लोग उपस्थित हैं। मैं आप सभी का अभिनंदन करता हूँ। आप सब जानते हैं कि 2005 से पहले की सरकार ने बिहार के विकास के लिए कोई काम नहीं किया, पहले बहुत बुरा हाल था। जब बिहार में 24 नवंबर, 2005 को एन०डी०ए० की सरकार बनी, तब से हमलोग बिहार के विकास में लगे हुये हैं और राज्य में कानून का राज है। सभी क्षेत्रों में तेजी से विकास हो रहा है। शुरू से ही शिक्षा एवं स्वास्थ्य के क्षेत्र में विशेष ध्यान दिया गया है। राज्य में बड़े पैमाने पर सड़कों, पुल-पुलियों का निर्माण कराया गया है। सात निश्चय के तहत हर घर तक बिजली, हर घर नल का जल, हर घर शौचालय तथा टोलों को पक्की सड़कों से जोड़ने का काम पूरा हो गया है। हमलोगों ने सात निश्चय योजना के तहत हर घर नल का जल, हर घर शौचालय, हर घर तक बिजली, हर घर तक पक्की गली एवं नाली का निर्माण आदि का काम कराया।वर्ष 2020 में युवाओं को 10 लाख सरकारी नौकरी एवं 10 लाख रोजगार देना तय किया गया। वर्तमान तक युवाओं को 10 लाख सरकारी नौकरी एवं 39 लाख रोजगार दे दिया गया है। चुनाव से पहले ही 50 लाख से अधिक लोगों को नौकरी एवं रोजगार दे दिया जायेगा। हमलोगों ने अब तय किया है कि अगले 5 वर्षों में एक करोड़ युवाओं को नौकरी / रोजगार दिया जायेगा। उन्होंने कहा कि बिहार का बजट लगातार बढ़ रहा है।


## पश्चिम रेलवे बांद्रा टर्मिनस भगत की कोठी के बीच साप्ताहिक विशेष ट्रेन चलाएगा

| ट्रेन नं. | प्रारंभिक स्टेशन और गंतव्य | सेवा की तिथियां | प्रस्थान | आगमन |
|---|---|---|---|---|
| 04828 | बांद्रा टर्मिनस-भगत की कोठी | 28.09.2025 से 28.12.2025 | 10:30 बजे (रविवार) | 04:30 बजे (अगले दिन) |
| 04827 | भगत की कोठी-बांद्रा टर्मिनस | 27.09.2025 से 27.12.2025 | 11:30 बजे (रविवार) | 07:25 बजे (अगले दिन) |

रुकती-दोनों दिशाओं में बोरीवली, वापी, सूरत, भरूच, वडोदरा, दारा, साबरमत साबरमती, महेसाणा, पालनपुर, आबू रोड, पिंडवाड़ा, जवाई बांध, फालना, रानी, मारवाड़, पाली मारवाड़ और लूनी स्टेशन।

संरचना: एसी २-टियर, एसी ३-टियर, एसी ३-टियर (इकोनॉमी), स्लीपर क्लास और सामान्य द्वितीय श्रेणी कोच।

समय, ठहराव और संयोजन के बारे में विस्तृत जानकारी के लिए, यात्री कृपया www.enquiry.indianrail.gov.in पर जाएँ।

ट्रेन संख्या 04828 की बुकिंग 06.09.2025 से सभी पीआरएस काउंटरों और आईआरसीटीसी वेबसाइट पर शुरू होगी। उपरोक्त ट्रेन विशेष किराए पर विशेष ट्रेन के रूप में चलेगी।

wr.indianrailways.gov.in
: facebook.com/WesternRly
: X.com/WesternRly
: Instagram/WesternRly

कृपया सभी आरक्षित टिकटों के लिए मूल पहचान पत्र साथ रखें

## संक्षेप

### मिठाई और डेयरी की दुकानों पर कार्रवाई

**स्वीट्स शॉप से 45 किलो मिठाई नष्ट की, 5 तहसीलों की 15 दुकानों से लिए 21 सैम्पल**

सुलतानपुर, त्योहारों से पहले डीएम कुमार हर्ष के निर्देश पर खाद्य सुरक्षा अभियान चलाया गया। इस दौरान जिले की पांच तहसीलों में मिठाई और डेयरी उत्पादों की दुकानों की जांच की गई। एसडीएम सदर बिपिन द्विवेदी ने तहसील सदर में तीन दुकानों से पांच नमूने लिए गए। इनमें आजाद मिल्क, रॉयलिस्टो फूड प्रोडक्ट और वर्धन एग्रो एंड लाइफ स्टॉक शामिल हैं। लम्भुआ तहसील में राज लक्ष्मी, आजीविका और आराधना स्वीट्स से पांच नमूने लिए गए। बल्दीराय तहसील में राशि स्वीट्स हाउस, संतोष कुमार और सामर्थ दूध डेयरी से चार नमूने एकत्र किए गए। कादीपुर तहसील में एम.के. बेकर्स, क्षत्रिय स्वीट्स, बंगाली स्वीट्स और मधुर स्वीट्स हाउस से चार नमूने लिए गए। जयसिंहपुर तहसील में तुलसीराम स्वीट्स और सिमरन स्वीट्स से तीन नमूने लिए गए। सभी नमूने जांच के लिए खाद्य विश्लेषक प्रयोगशाला भेजे गए हैं। विशेष कार्रवाई में क्षत्रिय स्वीट्स एंड रेस्टोरेंट से 30 किलो छेना, 10 किलो लड्डू और 5 किलो बर्फी को नष्ट किया गया। यह कार्रवाई खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम-2006 के तहत की गई।

### पीएम मोदी की मां को गाली देने का मामला

**सपा नेता बोले-भाजपा ने खुद खराब की भाषा की मयार्दा, सरकार में चल रहा आंतरिक विवाद**

सुलतानपुर, सपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता और पूर्व विधायक अनूप संडा ने प्रधानमंत्री मोदी की माता को दी गई गाली के मामले पर प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि किसी की मां को सार्वजनिक रूप से गाली देना निंदनीय है। दोषी व्यक्ति के खिलाफ कार्रवाई भी हुई है। संडा ने भाजपा पर पलटवार करते हुए कहा कि इस देश में मां को गाली देने की प्रवृत्ति को भाजपा ने बढ़ावा दिया है। उन्होंने एक टीवी डिबेट का जिक्र किया, जहां भाजपा प्रवक्ता ने कांग्रेस प्रवक्ता की मां पर अभद्र टिप्पणी की थी। उन्होंने सवाल किया कि क्या तब भाजपा ने अपने प्रवक्ता के खिलाफ कोई कार्रवाई की थी। एबीवीपी छात्र नेताओं की पुलिस पिटाई के मामले पर भी संडा ने टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में आंतरिक विवाद चल रहा है।

### डायल 112 के सिपाही पर व्यापारी से अभद्रता का आरोप

**24 घंटे बाद भी कार्रवाई नहीं, व्यापारियों ने थाने पहुंचकर जताया विरोध**

सुल्तानपुर, सुल्तानपुर के मोतिगरपुर में डायल 112 पर तैनात सिपाही के खिलाफ व्यापारी पिता-पुत्र से अभद्रता और धमकी देने का मामला सामने आया है। सिपाही पर 24 घंटे बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हुई है। दर्जनों व्यापारी स्थानीय थाने पहुंचे। भारतीय उद्योग व्यापार मंडल मोतिगरपुर के अध्यक्ष मुकुंद मिश्र और उपाध्यक्ष सौरभ मिश्रा ने कार्रवाई न होने पर नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि अगर जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो व्यापारी आंदोलन करेंगे।

# बीजेपी नेता की पत्नी बोलीं- उदय मुझे भी मार डालेगा

## पति की हत्या के 13 दिन बाद भी आरोपी फरार, डीएम से मिलकर सुरक्षा की मांग

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क




प्रयागराज, भाजपा नेता रणधीर यादव की हत्या के बाद पुलिस ने हत्या के आरोपी राम सिंह व उदय यादव यादव की सास लीला देवी सहित भाई विजय यादव एवं एक अन्य रवि भारतीय को गिरफ्तार कर जेल की सलाखों के पीछे भेज चुकी है। हत्या कांड को करीब 12 दिन का समय बीत चुका है। बावजूद इसके नवाबगंज थाना पुलिस समेत 3 पुलिस टीम वारदात के मुख्य आरोपी उदय यादव का सुराग भी नहीं पा सकी है। पुलिस अफसरो के मुताबिक उदय यादव का मोबाइल चित्रकूट मे जहां रणधीर यादव की कार लावारिस हालत मे मिली थी, वही से बंद बता रहा है। सर्विलांस जांच मे आरोपी उदय यादव की लास्ट लोकेशन कानपुर मे मिली थी। जिसके आधार पर आरोपी के घर व संभावित रिस्तेदार के घरो पर दबिस दी जा रही है। जल्द आरोपी पुलिस के शिकंजे मे होगा। नवाबगंज के तुलसीराम का पूरा मे उदय यादव का पुस्तनी आलीशान मकान है। इस मकान मे मौजूदा समय से सन्नाटा पसरा हुआ है। स्थानीय लोगो के मुताबिक, जब से भाजपा नेता रणधीर यादव लापता हुआ था तभी से पूरा परिवार व नाट रिस्तेदार अचानक से घरो मे ताला लगा कर फरार है। घर के आसपास के लोग पुलिस कार्यवाही व पूंछ-तांछ के डर से अंजान व्यक्तियों को देखते ही घर के दरवाजे बंद कर लेते है। बार बार पूंछने पर भी मोहल्ले व पास पड़ोस के लोग उदय के बारे मे कोई बात नहीं करना चाहते है।

लोगो का सिर्फ यही कहना है कि अगर उन्होने कुछ बोला तो पुलिस भी उन्हे पकड़ कर परेशान करेगी। फिलहाल उदय यादव के गाव मे पुलिस के डर से सन्नाटा पसरा हुआ है। जानिए पूरा मामला 22 अगस्त की रात करीब साढ़े 9 बजे नवाबगंज के मोहम्मदपुर निवासी भाजपा नेता व पूर्व जिला पंचायत सदस्य रणधीर यादव रहस्यमय हालत में लापता हो गए।

# युवती की हत्या, आंखें फोड़ीं, चेहरा जलाया

## शरीर पर चोट; मां बोली- बेटी को मारकर तालाब में फेंका गया

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



प्रयागराज, लापता 19 साल की युवती का शव गुरुवार को प्राइमरी स्कूल के पास तालाब में मिला। शरीर पर चोट के निशान मिले। चेहरे को जला दिया गया था, ताकि उसकी पहचान न हो सके। आशंका है कि चेहरे पर तेजाब डाला गया था। तालाब में लाश फूल गई थी। परिजनों का कहना है कि उनकी बेटी की हत्या कर लाश तालाब में फेंकी गई है। उसकी आंख फोड़ दी गई। वह 2 सितंबर यानी मंगलवार की रात 2 बजे से लापता थी। युवती ने मोबाइल पर किसी से मैसेज कर बात की थी। इसके बाद वह आधी रात घर से निकल गई। पुलिस अधिकारियों ने गांव पहुंचकर लोगों से पूछताछ की है। घरवालों ने दो मोबाइल नंबर पुलिस को दिए हैं, जिस पर युवती बातचीत करती थी। मामला सराय ममरेज थाना क्षेत्र के खखैचा गांव का है। खखैचा गांव में रेखा देवी अपनी तीन बेटी और एक बेटे के साथ रहती हैं। बेटियों के नाम किरन, आकांक्षा और आंचल हैं। किरन सबसे बड़ी है। सबसे छोटा भाई मोहित है। पिता राजेंद्र प्रसाद की 5 साल पहले मौत हो चुकी है। किरन (19) ने 2024 में इंटर पास किया था। इसके बाद एडमिशन नहीं लिया। दो सितंबर की रात किरन ने अपनी रिश्तेदार युवती के मोबाइल से किसी को मैसेज किया था। इसके बाद उस मैसेज को डिलीट भी कर दिया। रात दो बजे परिवार के लोगों ने देखा तो वह गायब थी। घरवाले उसकी तलाश करने में लगे रहे। लेकिन वह कहीं नही मिली।

परिजनों ने थाने में लड़की के गायब होने की शिकायत की थी, लेकिन गुमशुदगी दर्ज नहीं कराई थी। गुरुवार सुबह 10 बजे घर से 400 मीटर दूरी पर प्राथमिक विद्यालय के पास तालाब में लड़की का शव मिला। शव की पहचान परिजनों ने किरन के रूप में की है। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा है।

# पीएम मोदी की मां को दी गई गाली का विरोध

- महिलाएं बेलन लेकर सड़कों पर उतरीं, नारी सम्मान के लिए किया मार्च

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क




अमेठी जिला, बिहार की कांग्रेस-राजद रैली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दिवंगत मां के अपमान के विरोध में हजारों महिलाओं ने प्रदर्शन किया। जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्रहरी और उनकी पत्नी चंद्रमा देवी के नेतृत्व में यह विरोध मार्च निकाला गया। राजेश मसाला फैक्ट्री परिसर से शुरू हुआ महिलाओं का काफिला पूरे कस्बे का भ्रमण करने के बाद वापस फैक्ट्री पहुंचा। प्रदर्शन के दौरान महिलाओं ने 'नारी शक्ति का अपमान नहीं सहेगा हिंदुस्तान' और 'नारी के सम्मान में नारी मैदान में' जैसे नारे लगाए। जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्रहरी ने कहा कि कांग्रेस के मंच से प्रधानमंत्री की मां के अपमान से नारी शक्ति आक्रोशित है। पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष चंद्रमा देवी ने कहा कि जो महिला कभी राजनीति में नहीं थीं और अब जीवित भी नहीं हैं, उनका अपमान उचित नहीं है। यह विरोध प्रदर्शन बिहार में कांग्रेस और राजद की संयुक्त रैली के दौरान प्रधानमंत्री मोदी की मां के खिलाफ की गई टिप्पणी के विरोध में आयोजित किया गया। इस घटना के बाद से भाजपा कांग्रेस पर लगातार हमलावर है।

# रामस्वरूप विवि में छात्रों पर लाठीचार्ज का विरोध

## सुल्तानपुर में एबीवीपी ने कलेक्ट्रेट पर किया प्रदर्शन, दोषी पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई की मांग

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



सुलतानपुर, रामस्वरूप विश्वविद्यालय में विधि विद्यार्थियों पर हुए लाठीचार्ज के विरोध में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) ने कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया। कार्यकताओं ने मुख्यमंत्री को संबोधित एक पत्र मजिस्ट्रेट को सौंपा। एबीवीपी ने लाठीचार्ज में शामिल पुलिसकर्मियों और बाहरी गुंडों पर मुकदमा दर्ज करने की मांग की है। संगठन ने लाठीचार्ज के आदेश की जानकारी सार्वजनिक करने की भी मांग की है। विश्वविद्यालय प्रशासन पर कई गंभीर आरोप लगाए गए हैं। इनमें बिना नवीनीकरण और अनुमति के विधि पाठ्यक्रम का संचालन, विलंब शुल्क के नाम पर अतिरिक्त धनराशि की वसूली और दो छात्रों का अवैध निष्कासन शामिल है। पत्र में कहा गया कि राजस्व विभाग की जांच में पाया गया कि विश्वविद्यालय ने लगभग 6 बीघा सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा कर रखा है। तहसीलदार कोर्ट ने 25 अगस्त को विश्वविद्यालय प्रबंधन पर 27.96 लाख रुपये का जुमार्ना लगाया है। कोर्ट ने 15 दिन में जुमार्ना अदा कर अवैध निर्माण हटाने का आदेश दिया है। एबीवीपी ने इन सभी मुद्दों पर 48 घंटे के भीतर कार्रवाई की मांग की है। संगठन ने चेतावनी दी है कि कार्रवाई न होने पर प्रदेश स्तर पर बड़ा आंदोलन किया जाएगा।

# अस्पतालों में मरीजों का तांता

- जिला अस्पताल में रोजाना 2000 मरीज, सर्दी-खांसी और बुखार के केस ज्यादा

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



अमेठी जिला, मौसम परिवर्तन के कारण अस्पतालों में मरीजों की संख्या में भारी वृद्धि हुई है। जिला अस्पताल में प्रतिदिन 2000 से अधिक मरीजों का इलाज किया जा रहा है। सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) में भी मरीजों की भीड़ उमड़ रही है। पिछले एक सप्ताह से अमेठी में मौसम लगातार बदल रहा है। कभी तेज धूप तो कभी घंटों बारिश का दौर चल रहा है। जलभराव की स्थिति ने मच्छर जनित बीमारियों का खतरा भी बढ़ा दिया है। अस्पतालों में सबसे ज्यादा सर्दी, खांसी, जुकाम और बुखार के मरीज पहुंच रहे हैं। जिला अस्पताल के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. बद्री प्रसाद अग्रवाल के अनुसार, मौसमी बीमारियों में वृद्धि हुई है। उन्होंने बताया कि अस्पताल में सभी आवश्यक दवाएं उपलब्ध हैं और मरीजों को बेहतर इलाज मुहैया कराया जा रहा है। शासन के निर्देशों के अनुरूप स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जा रही हैं।

# सामुदायिक शौचालयों पर नहीं लगेगा ताला

## अमेठी में 682 में से 634 ग्राम पंचायतों में आरआरसी सेंटर तैयार, डीएम के निर्देश

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



अमेठी जिला, कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी संजय चौहान की अध्यक्षता में स्वच्छ भारत मिशन की समीक्षा बैठक हुई। बैठक में स्वच्छ भारत मिशन के दूसरे चरण की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने व्यक्तिगत शौचालयों के निर्माण के लिए मिले आवेदनों के सत्यापन और धनराशि हस्तांतरण की स्थिति की जानकारी ली। जिला पंचायत राज अधिकारी ने बताया कि जनपद की 682 ग्राम पंचायतों में से 634 में आरआरसी सेंटर का निर्माण पूरा हो चुका है।

शेष 46 ग्राम पंचायतों में निर्माण कार्य चल रहा है। जिलाधिकारी ने ग्रामीण क्षेत्रों में नालों और नालियों की नियमित सफाई पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि गंदगी और जलभराव से लोगों के स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ता है। सभी ग्राम पंचायतों में समय पर सफाई होनी चाहिए।

सामुदायिक शौचालयों के संबंध में जिलाधिकारी ने कहा कि इन पर किसी भी स्थिति में ताला नहीं लगना चाहिए। उन्होंने इनकी नियमित सफाई और रखरखाव पर विशेष ध्यान देने को कहा। बैठक में बायोगैस प्लांट, एफएसटीपी प्लांट, प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट यूनिट और गोवर्धन योजना की समीक्षा भी की गई। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल, जिला पंचायत राज अधिकारी मनोज त्यागी, पीडी डीआरडीए ऐश्वर्य यादव, बीएसए संजय तिवारी समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# यमुना का जलस्तर बढ़ने से टप्पल में बाढ़

## 6 गांवों में हजारों बीघा फसल डूबी, नाव से चारा ला रहे किसान

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



अलीगढ़ , हथिनी कुंड बैराज से छोड़े गए पानी से यमुना नदी का जलस्तर बढ़ गया है। जिला अलीगढ़ के तहसील खैर के टप्पल क्षेत्र के कई गांव बाढ़ की चपेट में आ गए हैं। प्रशासन ने रेड अलर्ट जारी कर दिया है। महाराजगढ़, शेरपुर, घरबार, मालव, ऊटासनी और किशनगंज गांव सबसे अधिक प्रभावित हुए हैं। इन इलाकों में हजारों बीघा फसल जलमग्न हो गई है। किसानों को मवेशियों के लिए चारे की किल्लत का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि प्रशासन केवल औपचारिक निरीक्षण कर रहा है। वास्तविक मदद नहीं मिल रही है। स्वास्थ्य विभाग की टीमें बीमार ग्रामीणों तक नहीं पहुंच रही हैं। यमुना के कटान से कई मकान जर्जर हो गए हैं। किसान और पशुपालक नाव से जंगल जाकर चारा ला रहे हैं। मवेशियों को ऊंचे इलाकों की ओर ले जाया जा रहा है। महाराजगढ़ की सोनवती के घर तक यमुना का पानी पहुंच गया है। भूप सिंह ने बताया कि अधिकारी सिर्फ निरीक्षण करते हैं, राहत नहीं देते। हथिनी कुंड से 3.50 लाख क्यूसेक पानी छोड़ा गया है। इससे जलस्तर और बढ़ने की आशंका है। ग्रामीणों का मानना है कि यदि प्रशासन समय रहते कदम नहीं उठाता है तो स्थिति और बिगड़ सकती है। बाढ़ ने किसानों के सामने आजीविका का संकट खड़ा कर दिया है।

# दो गेस्ट हाउस पर पुलिस का छापा

## 13 लोग पकड़े गए, अश्लील सामग्री बरामद, सेक्स रैकेट की शिकायत मिली थी

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क




मथुरा, अनैतिक कार्यों पर रोक लगाने के लिए पुलिस लगातार सख्त कार्रवाई कर रही है। सीओ सिटी आईपीएस आशना चौधरी के नेतृत्व में पुलिस ने हाईवे और कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत दो गेस्ट हाउसों पर छापा मारकर सेक्स रैकेट का भंडाफोड़ किया। इस कार्रवाई में 11 युवतियों समेत 13 लोगों को पकड़ा गया। जानकारी के अनुसार, पुलिस टीम ने सबसे पहले सौंख रोड स्थित दीपक गेस्ट हाउस पर छापा मारा। यहां से पांच युवतियों और दो युवकों को आपत्तिजनक हालत में गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने मौके से गेस्ट हाउस मालिक दीपक खंडेलवाल को भी पकड़ लिया। पुलिस को यहां से अश्लील सामग्री भी बरामद हुई है। दूसरी छापेमारी हाईवे थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले देव पैलेस होटल पर हुई। यहां से पुलिस ने 6 युवतियों को अनैतिक कार्य करते हुए गिरफ्तार किया, जबकि होटल संचालक मौके से फरार हो गया। पुलिस का कहना है कि फरार संचालक की तलाश जारी है। सीओ सिटी आईपीएस आशना चौधरी ने बताया कि पुलिस को लंबे समय से सूचना मिल रही थी

# पेट्रोल पंप डीलरों की बढ़ी चिंता

## नो हेलमेट-नो पेट्रोल अभियान के चलते ग्राहकों से विवाद की आशंका, पंप पर पुलिस तैनाती की मांग

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



सुलतानपुर, पेट्रोलियम डीलर एसोसिएशन ने पुलिस अधीक्षक को पत्र सौंपकर नो हेलमेट-नो पेट्रोल अभियान में आ रही समस्याओं से अवगत कराया है। डीलरों ने मुख्यमंत्री की इस पहल का समर्थन किया है। जिला पूर्ति अधिकारी सुलतानपुर ने 30 अगस्त 2025 को सभी पंप संचालकों को बैनर लगाने का निर्देश दिया है। इसमें बिना हेलमेट वाहन चालकों को पेट्रोल न देने का आदेश है। मोटर वाहन अधिनियम 1988 की धारा 194डी के अनुसार हेलमेट न पहनने पर दंड का प्रावधान है। लखनऊ के जिला पूर्ति अधिकारी ने भी 31 अगस्त 2025 को समान निर्देश जारी किए हैं। डीलरों को बैनर लगाने और जन जागरूकता अभियान चलाने को कहा गया है। डीलरों का कहना है कि वे जागरूकता फैला सकते हैं।

# महिलाओं के लिए 10 दिवसीय जागरूकता अभियान

## लैंगिक संवेदनशीलता पर विशेष कार्यक्रम, छात्राओं को दी गई सरकारी योजनाओं की जानकारी

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



अमेठी जिला, महिला कल्याण विभाग द्वारा संकल्प योजना के तहत 2 से 12 सितंबर 2025 तक विशेष जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इस क्रम में 4 सितंबर को अमेठी के गौरीगंज ब्लॉक स्थित रूमा प्रशिक्षण संस्थान में लैंगिक संवेदनशीलता पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में छात्राओं को विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। डीएमसी ऋषि ने नीतियों और हेल्पलाइन नंबरों के बारे में बताया। जेंडर स्पेशलिस्ट राकेश कुमार यादव ने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना और निराश्रित महिला पेंशन योजना की जानकारी दी। सेंटर मैनेजर गायत्री देवी ने वन स्टॉप सेंटर योजना के बारे में बताया। वित्तीय साक्षरता विशेषज्ञ शिखा पांडेय ने पीएमबीबीवाई योजना की विस्तृत जानकारी साझा की। कार्मिकों ने महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबर जैसे महिला हेल्पलाइन (181), वूमेन पावर लाइन (1090), चाइल्ड हेल्पलाइन (1098) और आपातकालीन सेवा (112) के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम में दहेज प्रथा, बाल विवाह, बाल श्रम और लिंग भेदभाव जैसी सामाजिक कुरीतियों के दुष्परिणामों पर चर्चा की गई।

स्वामी, प्रकाशक , मुद्रक अरविंद कुमार शर्मा द्वारा एफ एल टी ,एलजी 75 आर एम 4/4 इंदिरा नगर, सुंदर बाग,कुर्ला (प)मुंबई 400070 महाराष्ट्र से प्रकाशित एवं AIS PRINTING SOLUTION प्लांट नं० -A-544 TTC इंडस्ट्रियल एरिया एम आई डीसी माहपे नवी मुंबई ,ठाणे 400709 से मुद्रित। संपादक - अरविंद कुमार शर्मा

EMail-bsmumbai2017@gmail.com किसी भी विवाद का न्याय क्षेत्र मुम्बई न्यायालय ही होगा। 8097049935,9935750291 RNI No-MAHHIN2017/74173

संपर्क का कार्यालय- 66/68 भाखरिया बिल्डिंग मीना मेहता मार्ग मोदी स्ट्रीट मुम्बई 400001

संरक्षक- डॉ राम किशोर शर्मा पूर्व विभागाध्यक्ष (हिन्दी) इलाहाबाद विश्व विद्यालय, विशेष संवाददाता- आशीष कुमार शर्मा सह, सम्पादक- माता प्रसाद शर्मा, फिल्म- संपादक-जगन्नाथ तिवारी